दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 106
कोटद्वार गुरूवार
10 अगस्त 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## कांडी गांव में बादल फटने से चार गौशालाएं ध्वस्त,8 मकानों को खतरा

**पौड़ी।** यमकेश्वर तहसील के कांडी गांव में मंगलवार की रात बदल फटने से चार गोशालाएं ध्वस्त हो गई। जबकि 8 रिहायशी भवनों भी खतरे की जद में आ गए। जबकि दमराड़ा गांव के पास तहसील यमकेश्वर से ब्लॉक को जाने वाली सड़क भी टूट गई। यहां अतिवृष्टि से बिजली लाइन भी टूट कर जमीन पर गिर गई है। पौड़ी के डीएम ने बुधवार को प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए है। डीएम पौड़ी डॉ आशीष चौहान ने कहा कि खतरे की जद में आए भवनो की सुरक्षा को लेकर एक दीवार बनाई जाएगी। डीएम ने साथ ही दमराड़ा के पास जमीन पर गिरी बिजली की लाइनों को तत्काल ठीक करने के निर्देश यूपीसीएल के ईई कोटद्वार को दिए है।

डीएम ने कहा कि बिजली की लाइन को लेकर किसी तरह की कोताही न बरती जाए। मौके पर लोनिवि के अफसरों ने मौके पर टूटी सड़क का निरीक्षण किया। यमकेश्वर के एसडीएम आशीष जोशी ने बताया कि कांडी गांव में मूसलाधार बारिश से 4 गोशालाओं में बंधी 6 गाय और 2 बकरी मलबे में दब गई । साथ ही यहां कई खेतों में भारी मलबा भर गया है। मलबा हटाने के लिए जेसीबी लगाई गई है। प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जा रहा है।

### गूमखाल-देवडाली मार्ग पर दर्दनाक हादसा

# अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार, चार लोगों की मौत



गुमखाल-सारी मोटर मार्ग पर रेस्क्यू अभियान चलाती पुलिस

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जयहरीखाल प्रंखड के गुमखाल-सारी मोटर मार्ग में एक आल्टो कार गहरी खाई में गिर गई। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एसडीआरएफ ने ग्रामीणों की मदद से शवों को खाई से बाहर निकाला।

कार में चार लोग सवार थे, जो गुमखाल से अपने गांव देवडाली के लिए जा रहे थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही लैंसडौन पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। तेज बारिश के दौरान रेस्क्यू अभियान चलाने में भी काफी परेशानी हो रही थी। पुलिस ने बताया कि कई घंटो अभियान चलाने के बाद शवों को खाई से बाहर निकाला गया। बताया कि दुर्घटना में देवडाली के पूर्व प्रधान चंद्रमोहन सिंह बिष्ट 62 वर्ष पुत्र गंगा सिंह, गुमखाल के दुकानदार दिनेश बिष्ट 63 वर्ष पुत्र विशन सिंह, अतुल बिष्ट 40 वर्ष पुत्र चंद्रमोहन, कमल बिष्ट 45 वर्ष पुत्र कन्हैया सिंह की मौत हो गई। बुधवार को सभी मृतकों का पंचनामा करने के बाद शव स्वजनों को सौंप दिए गए।

## राज्यपाल गुरमीत सिंह ने की नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने बुधवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उत्तराखण्ड प्रदेश के विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने राष्ट्रपति जी को मानसखण्ड मंदिर माला मिशन पर आधारित कॉफी टेबल बुक भेंट की। राज्यपाल ने राष्ट्रपति जी को वर्तमान में गतिमान चारधाम यात्रा और दिसंबर में प्रस्तावित इन्वेस्टर समिट के लिए भी आमंत्रित किया।



## मणिपुर हिंसा पर तपा सदन, राहुल ने छोड़े तीखे तीर, स्मृति ने याद दिलाया इतिहास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष के लाए गए प्रस्ताव दूसरे दिन चर्चा का दौर जारी है। सदस्यता बहाल होने के बाद सदन में राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर खूब प्रहार किया। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर नहीं गए, जबकि मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा था। उन्होंने प्रधानमंत्री से पूछा कि आपके लिए मणिपुर भारत में नहीं है। मणिपुर में हिंदुस्तान की हत्या की गई, लेकिन आप ने मणिपुर के दो टुकड़े कर दिए। मैं मणिपुर के राहत शिविरों में गया हूं, वहां के हालात देखे। वहां एक महिला ने बताया कि मेरा एक ही बेटा था, लेकिन उसे मेरी आंखों के सामने गोली मारी गई। राहुल के इस बयान पर सत्तापक्ष ने हंगामा कर दिया।केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मणिपुर में 7 दशक में जो हुआ, उसके लिए कांग्रेस जिम्मेदार है, राहुल गांधी को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। विपक्ष के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि इनका इतिहास खून से सना है। जिन लोगों की हत्या हुई, वे इन लोगों को न्याय के कटघरे में नहीं ला सके।

## आपदा से निपटने को अलर्ट मोड पर रहें अफसर : धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने राज्य में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों के लोगों के लिए पहले ही समुचित व्यवस्थाएं कर ली जाएं।



मुख्यमंत्री धामी बुधवार को सचिवालय स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने रूद्रप्रयाग, पौड़ी, नैनीताल और यूएस नगर के जिलाधिकारियों से फोन पर बात कर नुकसान और जलभराव की स्थिति का अपडेट लिया। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को भारी बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखने और सभी संस्थाओं से समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। ताकि आपदा राहत बचाव का काम तेजी से किया जा सके। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सचिव आपदा प्रबंधन को सभी जिलाधिकारियों के संपर्क में रहने, आपदा से निपटने के लिए जिलों की सभी जरूरतों को पूरा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारी बारिश की वजह से सड़क, पेयजल, विद्युत एवं अन्य जो भी चीजें बाधित हो रही हैं उन्हें जल्द से जल्द शुरू किया जाए।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत सिन्हा, विनय शंकर पाण्डेय, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified
Institute of Hospitality, Management & Sciences
Admissions Open 2023
"Journey Towards Excellence"
AVAILABLE PROGRAMMES
M.B.A. 2 Years
FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION
B.H.M. 4 Years
B.Sc. IT 3 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
C.H.M. 1 Year
• Attractive Scholarships
• Industrial Tour
• Value Added Courses @ 0% cost
• Internship in Leading Companies
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

## दस लाख की स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

**देहरादून।** ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत एसटीएफ ने कार्रवाई की है। टीम ने लक्सर थाना क्षेत्र से दो नशा तस्कर गिरफ्तार किए हैं, जिनसे 100 ग्राम स्मैक बरामद की गई। इसकी कीमत दस लाख रुपये आंकी जा रही है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि एसटीएफ की एएनटीएफ टीम की ओर से मंगलवार देर रात में हरिद्वार के थाना लक्सर स्थित रेलवे स्टेशन के पास से शहजाद निवासी ग्राम खड़ंजा थाना लक्सर जिला हरिद्वार से 50 ग्राम और जुबेर निवासी तेलीपुरा के कब्जे से 50 ग्राम स्मैक बरामद की गई। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर लिया है। एसएसपी ने जनता से अपील की है कि नशे से दूर रहे। किसी भी प्रकार के लालच में आकर नशा तस्करी न करें। नशा तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए तत्काल जनदीकी पुलिस स्टेशन या एसटीएफ उत्तराखंड से संपर्क करें। एसटीएफ लगातार ड्रग्स–फ्री देवभूमि अभियान के तहत कार्रवाई करेगी। एसटीएफ से 0135 –2656202 और 9412029536 पर संपर्क कर सकते हैं।

## नवजात के शव की नहीं हो पाई शिनाख्त

**देहरादून।** रायपुर क्षेत्र में नाले में बहकर आए नवजात के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने नवजात के शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद अंमित संस्कार कर दिया है। एसओ डालनवाला राजेश साह ने बताया कि तीन दिन पहले रायपुर क्षेत्र में एक नवजात का शव मिला था। यह शव नाले में बहकर आया था। शव को 72 घंटे तक शिनाख्त के लिए रखा गया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। जिस पर शव का अंतिम संस्कार कर लिया है।

## दून पुस्तकालय में जनकवि डॉ.अतुल शर्मा के जनगीतों पर चर्चा आज

**देहरादून।** जनकवि डॉ.अतुल शर्मा के जनगीतों के बहाने लैंसडाउन चौक स्थित दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र में उत्तराखंड आंदोलन और समकालीन इतिहास को रेखांकित करती बातचीत गुरुवार की शाम पांच बजे होगी। दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र के चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि दून पुस्तकालय द्वारा निरंतर विभिन्न विषयों पर रचनात्मक पहल के तहत ये संवाद सत्र रखा गया है। जिसमें जनकवि डॉ.अतुल शर्मा से उनके जनगीतों पर डा.सुशील उपाध्याय सीधी बातचीत करेंगे । उन्होंने बताया कि डॉ.अतुल शर्मा के जनगीत राज्य आंदोलन का एक जरुरी हिस्सा बन गए थे। वह दौर रोजाना जुलूस रैलियों का था और आंदोलन को स्फूर्ति देने के लिए राज्य आंदोलनकारी उनके व अन्य जनकवियों के गीतों को शिद्दत से गाने लगे थे। देखते ही देखते पूरे प्रदेश में इस तरह की प्रभातफेरियों का क्रम चल निकला था। इन गीतों की खास बात थी कि इसमें जन के भीतर से निकलने वाले आक्रोश के स्वरों को सहजता से शब्द रुप में रचा गया था। कार्यक्रम सभी के लिए ओपन रहेगा।

## पदोन्नति में शिथिलता का लाभ न मिलने से कर्मचारी नाराज

**देहरादून।** उत्तराखंड अधिकारी कर्मचारी शिक्षक समन्वय समिति ने पदोन्नति में शिथिलता का लाभ न मिलने पर नाराजगी जताई। 11 अगस्त को होने वाली बैठक में बड़े आंदोलन की घोषणा किए जाने की चेतावनी दी। समिति के सचिव संयोजक पूर्णानंद नौटियाल और शक्ति प्रसाद भट्ट ने कहा कि सचिवालय में बैठे अफसरों ने पांच नवंबर 2022 को सीएम पुष्कर धामी के दिए आश्वासनों पर कोई कार्रवाई नहीं की है। जबकि पदोन्नति में शिथिलता और पुरानी एसीपी का लाभ दिए जाने को लेकर दो समितियों का गठन किया गया था।

# सीएम धामी ने किया हैस्को गांव शुक्लापुर में प्रकृति के संरक्षण हेतु किये जा रहे कार्यों का अवलोकन

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को हैस्को गाँव शुक्लापुर में प्रकृति के संरक्षण के लिए किये जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हैस्को के संस्थापक डॉ. अनिल प्रकाश जोशी द्वारा इस क्षेत्र में प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए अनेक कार्य किये जा रहे हैं। जल छिद्रों के माध्यम से जल संचय की दिशा में अच्छा कार्य किया गया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह क्षेत्र आने वाले समय में केवल प्रदेश के लिए ही नहीं देश–दुनिया के लिए भी एक मॉडल बनेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी करने होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुक्लापुर में जो नेचर पार्क बनाया जायेगा इसमें प्रकृति प्रदत्त चीजों का उपयोग किया जायेगा। इसे एक मॉडल के रूप में विकसित किया जायेगा। पर्यावरण प्रेमियों एवं शोधार्थियों के लिए यह नेचर पार्क बहुत उपयोगी होगा। उन्होंने कहा कि इकोनॉमी और इकोलॉजी में संतुलन बना रहे, इस दिशा में सरकार कार्य कर रही है। प्रकृति के प्रति जागरूक होने के साथ ही हमें अन्य लोगों को भी जागरूक करना होगा। पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्द्धन के साथ ही हमें प्रकृति प्रदत्त चीजों का सही तरीके से उपभोग करना होगा।

हैस्को के संस्थापक पदम भूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने कहा कि 2010 में जब इस क्षेत्र से जुड़ी हुई छोटी नदी जो



आसन की सहधारा भी है वह सूखने लगी तो एक विचार आया कि क्यों न इस सूखती नदी की वापसी संभव की जाय। यह प्रयोग भी हो, वहीं दूसरी तरफ विज्ञान आधारित प्रकृति के साथ जोड़कर देखे जाने की कोशिश भी। वन विभाग व हेस्को ने आपसी भागीदारी जुटाई जल छिद्रों को बनाने का कार्य किया। प्रति हेक्टेयर लगभग 300 जल छिद्रों ने पानी को इकट्ठा करना शुरू किया। करीब पूरे 44 एकड़ में विभाग और हैस्को की भागीदारी से जब यह कार्य हुआ तो दूसरे ही वर्ष पानी की वापसी आसन गंगा में हो गई। अनेक वन्यजीव साही, जंगली सुअर, हिरन और लैपर्ड यहां आने लगे। यहाँ चिड़ियाओं की अभी 100 से भी अधिक प्रजातियां हैं।

वन विभाग के अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी दी कि शुक्लापुर क्षेत्र में लगभग 46 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बनने वाले इस नेचर पार्क की अनुमानित लागत 02 करोड़ 55 लाख रूपये है। इसमें पूरे नेचर पार्क में फैनसिंग और चेनिंग, ईको फ्रेंडली गेटों का निर्माण, ईको हट्स, इंटर लॉकिंग टाइल्स एवं अन्य कार्य किये जायेंगे।

इस अवसर पर महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, निदेशक वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी प्रो. कलाचंद सेन, डी.एफ.ओ देहरादून नितीश मणि त्रिपाठी एवं पर्यावरण से जुड़े अन्य लोग उपस्थित थे।

## दून में डिफेंस का स्टीकर लगाकर चंडीगढ़ ब्रांड की शराब तस्करी पकड़ी

**संवाददाता**

**देहरादून।** रायपुर पुलिस ने चंडीगढ़ ब्रांड पर डिफेंस का लेबल लगाकर शराब तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 28 पेटी शराब बरामद की है। आरोपियों में एक आर्मी का रिटायर जवान भी शामिल है। फरार दो आरोपियों की तलाश की जा रही है।

बुधवार को एसपी क्राइम मिथिलेश सिंह ने तस्करों के खिलाफ गई कार्रवाई का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि थानाध्यक्ष रायपुर को सूचना मिली कि दून में चडीगढ़ और अन्य राज्यों से शराब लाकर बेचने वाला गिरोह सक्रिय है। जो अन्य राज्यों से शराब तस्करी कर देहरादून लाकर उसमें डिफेंस के नाम का स्टीकर का लेबल लगाकर रिटायर्ड आर्मी के जवानों को बेच रहे है। आम लोगों को भी यह शराब महंगे दाम पर बेची जाती है। मंगलवार को रायपुर पुलिस ने दो स्थानों पर चेकिंग शुरू की।

खलंगा पुल पर पुलिस ने स्कूटी सवार प्रवीण कुमार ठाकुर और अश्विनी कुमार उर्फ चिक्कू निवासी हाल भरतु चौक दोनाली बालावाला को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से अलग–अलग ब्रांड की छह पेटी शराब बरामद की।

शराब की बोतलों पर डिफेंस के फर्जी स्टीकर के लेबल लगा हुआ था। स्कूटी की डिग्गी से डिफेंस के फर्जी स्टीकर के 32 लेवल बरामद हुए। अभियुक्तों के खिलाफ मुकमदा दर्ज किया गया।

## टपकेश्वर में खेती की जमीन के नुकसान पर मुआवजे के निर्देश

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बीते सोमवार को भारी बारिश के कारण टपकेश्वर मंदिर क्षेत्र में हुए नुकसान का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने पीड़ितों का हालचाल जाना और मौका मुआयना के बाद अधिकारियों को पीड़ितों को मुआवजा राशि शीघ्र देने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों नुकसान का स्थायी समाधान व दीर्घकालिक योजना बनाने को कहा। गणेश जोशी ने बीती देर रात भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुई मसूरी विधानसभा क्षेत्र के रिखौली गांव में सड़क मार्ग की स्थिति भी देखी। यह सड़क बारिश में बुरी तरह कट गई है। जिससे रिखौली गांव का राजधानी से संपर्क कट गया है। मंत्री ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को पुलिया निर्माण का शीघ्र इस्टीमेट बनाने और निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने भितरली गांव में भी बारिश से हुए नुकसान का मुआयना किया। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि जिन लोगों के मकान के अतिरिक्त कृषि भूमि में भी नुकसान हुआ है। उनका कृषि भूमि व मकान को हुए नुकसान का आंकलन कर शीघ्र मुआवजा राशि की पीड़ितों को दी जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी रामजी शरण शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक पुंडीर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोविड कर्मचारियों की भूख हड़ताल रही जारी

**देहरादून।** सेवा विस्तार और समायोजन की मांग को लेकर कोविड कर्मचारियों का आंदोलन बुधवार को भी जारी रहा।

महिला कर्मचारी मंजू बिष्ट और अनुभी बोरा रविवार से भूख हड़ताल पर बैठी हैं। कर्मचारियों ने जिला प्रशासन को दोनों बिगड़ते स्वास्थ्य को लेकर सूचित किया है। स्वास्थ्य विभाग को दोनों का रुटीन स्वास्थ्य जांच करने को कहा गया है। धरने में चमन सिंह, मितलेश बलूनी, संतोष राणा समेत अन्य मौजूद रहे।

## दून को मेट्रो रेल और मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट की जरूरत

**देहरादून।** एसडीसी फाउंडेशन की ओर से 'देहरादून में पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर राउंडटेबल डायलॉग में दून के पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुधार पर मंथन हुआ। इसमें वक्ताओं ने कहा कि दून में सड़कों की क्षमता खत्म हो चुकी है, यहां बढ़ती आबादी और ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए तत्काल प्लानिंग की जरूरत है। मेट्रो रेल और मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट की आवश्यकता है।

सुभाष रोड स्थित पैसाफिक होटल में आयोजित डायलॉग में फाउंडेशन के संस्थापक अनूप नौटियाल ने कहा कि राज्य गठन से अब तक देहरादून शहर की आबादी कई गुना बढ़ चुकी है। 2041 तक देहरादून की आबादी 24 से 25 लाख तक हो जाएगी। हमने इतने सालों में मेट्रो से लेकर नियो मेट्रो और पॉड टैक्सी तक कई विकल्पों की चर्चा सुनी है, लेकिन कुछ भी ठोस पहल नहीं होने से लोगों का इन बातों से भरोसा उठ गया है। आरटीओ (प्रवर्तन) शैलेश तिवारी ने बताया कि देहरादून के मौजूदा पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

वर्तमान में करीब 12 लाख की आबादी पर शहर में लगभग 10 लाख वाहन हैं। भविष्य के लिए कुठालगेट–क्लेमेंटाउन, रायपुर–झाझरा और बल्लूपुर–कुआंवाला तक सर्कुलर रूट की प्लानिंग कर रहे हैं। कई मुख्य सड़कों पर ई–रिक्शा को प्रतिबंधित भी किया जा रहा है। दून में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए हमें 30 सीटर की करीब 350 बसों की जरूरत है। जब तक मेट्रो आता है, मौजूदा सिस्टम को ठीक किया जाना चाहिए। उत्तराखंड मेट्रो के डीजीएम (सिविल) अरुण कुमार भट्ट ने बताया कि दून की ज्यादातर प्रमुख सड़कें अपनी शत–प्रतिशत क्षमता का दोहन कर चुकी हैं। इसलिए हमें नए विकल्प पर काम करना ही होगा। देहरादून में नियो मेट्रो इसका एक अहम समाधान होगा।

मेट्रो जैसी बड़ी रेल परियोजनाओं के अनुभव साझा करते हुए उत्तराखंड मेट्रो के पीआरओ गोपाल शर्मा ने बताया कि ये परियोजनाएं राजनीतिक इच्छाशक्ति पर भी निर्भर करती हैं।

इसलिए जनप्रतिनिधियों की भूमिका अहम हो जाती है। पर्यावरणविद डॉ. सौम्या प्रसाद ने दून में आम जनता के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट की कमी और महंगे किराए का मुद्दा उठाया। दून रेजीडेंट्स वैलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र पाल सिंह मोंटी ने बेहतर ट्रांसपोर्ट को समय की मांग बताया।

## डीएम अध्यक्षता में हुई जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**देहरादून।** जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा हेतु किये जाने वाले सुधारों को प्राथमिकता से कर लिया जाए यदि स्थाई सुधार में समय लग रहा है तो त्वरित किये जाने वाले सुधार करें। साथ ही निर्देशित किया संशोधित स्पीड लिमिट का प्रचार–प्रसार करें तथा साईनेज भी लगायें ।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समिति के सदस्य पुलिस, परिवहन, लोनिवि,



एनएच, एनएचआई के अधिकारी चिन्हित ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण करते हुए सुधारात्मक कार्यवाही करें साथ ही निर्देशित किया जो जोन में सुधार कर लिया गया है उन्हें ब्लैक स्पॉट से की सूची से बाहर कर दिया जाए। जिलाधिकारी ने नये ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देशित किया कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का भी निरीक्षण कर लिया जाए तथा जो सुधार किये जाने है उनको त्वरित कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि दुर्घटना होने पर घायलों की सहायता करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर पुरस्कृत किया जाए ताकि अन्य लोग भी इससे प्रेरित होकर दुर्घटना होने की दशा में घायलों को चिकित्सालय में पंहुचाकर उनकी जान बचाई जा सके। बैठक में सभागीय परिवहन अधिकारी शैलेश तिवारी, अधि0 अभि0 लोनिवि जे.के त्रिपाटी, अधि अभि लोनिवि धीरेन्द्र कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेन्द्र विराटिया, पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात अनुज, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मोहित कोठारी,रावत सिंह, प्रबन्धक एनएचआई राहुल मीना, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ कैलाश गुंजियाल, एनएच लोनिवि सहायक अभियन्ता एम के राठौर सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसएसबी स्वयंसेवकों ने उठाई नियुक्ति की मांग

देहरादून। एसएसबी स्वयं सेवकों (गुरिल्ला) ने उन्हें विभिन्न विभागों में आउटसोर्स के जरिए नियुक्ति देने की मांग की है।

एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को केंद्रीय अध्यक्ष ब्रहानंद डालाकोटी के नेतृत्व में सचिवालय में एसीएस राधा रतूड़ी से भेंट कर लंबित विषयों पर चर्चा की। स्वयं सेवकों ने कहा कि उन्हें इको टास्क फोर्स, होमगार्ड या पीआरडी के माध्यम से विभिन्न विभागों में नियुक्ति प्रदान की जाए। साथ ही स्वैच्छिक आपदा, लोक निर्माण विभाग के अधीन मेट एवं बलदार पदों, वन विभाग के अधीन कैम्पा योजना में नियुक्ति को लेकर पूर्व में हुए निर्णय पर अमल किया जाए। प्रतिनिधिमडंल ने सरकारी नौकरियों की आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट देने, निजी सुरक्षा एजेंसियों में सुरक्षाकर्मियों की नियुक्तियों में 15 प्रतिशत स्थान देने की भी मांग उठाई। एसीएस ने स्वयं सेवकों की सभी मांगों पर यथोचित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए कहा कि इस बारे में जल्द मुख्यमंत्री स्तर पर बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के ललित मोहन बगौली, दिनेश चंद लोहानी, महाबीर सिंह रावत भी मौजूद रहे।

## भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण के खिलाफ निर्णायक मुहिम शुरू होगीः महेंद्र भट्ट

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि पार्टी ने भारत छोड़ों आंदोलन की वर्षगांठ पर राज्य से भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण की विचारधारा के खिलाफ निर्णायक मुहिम छेड़ने का निर्णय लिया है। बुधवार को अगस्त क्रांति की 81 वीं वर्षगांठ पर उन्होंने आंदोलन के दौरान शहीद हुए स्वतंत्रता सैनानियों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि उस समय महात्मा गांधी के आह्वान पर अंग्रेजों भारत छोड़ों आंदोलन चलाया गया था। लेकिन आज कांग्रेस समेत कुछ विपक्षी पार्टियों के चलते देश की राजनीति में भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण की नीति घर कर गई है। भाजपा एक संगठन और विचारधारा के रूप में लगातार ऐसी शक्तियों का विरोध करती रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इन तमाम बुराइयों को मिटाने के लिए पिछले नौ सालों से लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। यही वजह है कि घबराकर ऐसे तमाम दल अपनी–अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए एक साथ इंडिया का छदम रूप धारण कर सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक बिगुल फूंक दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता इसी मूलमंत्र के साथ जनता के बीच जाकर उनका सहयोग व आशीर्वाद प्राप्त करेंगे और राष्ट्र विरोधी ताकतों को बेनकाब करेंगे।

## कुमाऊं में अवैध हथियारों की फक्ट्री का भंड़ाफोड़

**देहरादून।** एसटीएफ और उधमसिंहनगर पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन में बाजपुर में अवैध हथियारों की फैक्ट्री पकड़ी है। यह फैक्ट्री एक घर में चल रही थी। टीम ने हथियार बनाने वाले लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही हथियारों का जखीरा भी बरामद किया है। हथियरों की उत्तराखंड समेत बाहरी राज्यों में तस्करी की जाती थी। बुधवार को एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने दून में कार्रवाई का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि राज्य में बढ़ते अवैध हथियारों की तस्करी रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार रात सीओ एसटीएफ कुमाऊं सुमित पांडे और प्रभारी निरीक्षक एसटीएफ एमपी सिंह के नेतृत्व में एसटीएफ, थाना कुंडा और बाजपुर पुलिस की ओर से थाना बाजपुर क्षेत्र में एक ज्वांइट ऑपरेशन चलाया गया।

## डीएम अध्यक्षता में हुई स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों/व्यवस्थाओं को लेकर बैठक आयोजित

**देहरादून।** जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ पर 15 अगस्त 2023 के भव्य आयोजन की तैयारियों/व्यवस्थाओं को लेकर बैठक आयोजित की गई। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में प्रातः 09 बजे तथा मुख्य कार्यक्रम स्थल परेड ग्राउंड पर प्रातः 10 बजे माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा, जबकि मुख्य कार्यक्रम सहित जनपद के क्षेत्रों में प्रातः 07 बजे से प्रभात फेरी शुभारम्भ होगी।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को उनके दायित्वों को समझाते हुए निर्देशित किया कि जो भी जिम्मेदारियां एवं दायित्व दिए गए हैं उनको जिम्मेदारी से निर्वहन करें। उन्होंने समस्त कार्यालयध्यक्षों को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अपराहन 4 बजे से समस्त जनपद एवं कार्यालय परिसर एवं सड़क आदि स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तहसील, विकासखंड व ग्रामीण स्तर पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण लिए वन एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वतंत्रता सेनानियों एवं राज्य आंदोलनकारियों के परिजनों को सम्मानित किया जाए। नेहरू युवा समन्वय केंद्र को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन करने के निर्देश दिए,जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान एवं त्याग के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की जाए। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शहर के प्रमुख चौराहों पर देशभक्ति के गीतों का प्रसारण करने तथा एलईडी स्क्रीन लगाने तथा कार्येक्रमों की डिजिटल एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से प्रमुख स्थानों, चौराहों पर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण, कार्यक्रम का अधिकाधिक लाईव स्ट्रीमिंग कराने के निर्देश जिला सूचना अधिकारी को दिए। उन्होंने शासकीय एवं ऐतिहासिक भवनों को प्रकाशमान किए जाने के भी निर्देश सम्बन्धित विभागों को दिए। स्वतंत्रता दिवस के अवसर



पर समस्त स्थानीय केबल नेटवर्क में देश भक्ति के फिल्मों का प्रसारण के जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम एवं समस्त नगर निकायों को अपने–अपने क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, पार्क आदि की सफाई करने के निर्देश दिए।

नगर निगम देहरादून को कार्यक्रम स्थल परेड ग्राउंड एवं स्थलों में साफ–सफाई व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, पेयजल, नगर निगम को परेड ग्राउंड में अस्थाई निर्माण कार्य, सीटिंग व्यवस्था, विद्युत, पेयजल, सफाई आदि समुचित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। समस्त उप जिलाधिकारी को अपने अपने क्षेत्र में स्वंत्रता दिवस के कार्यक्रम एवं प्रभातफेरी अयोजित करने तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रभातफेरी के दौरान चिकित्सक सहित एंबुलेंस तैनात करने के निर्देश दिए। नारी निकेतन, कारागार में मिष्ठान तथा चिक्तसालयों में फल वितरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। शिक्षा विभाग को स्कूलों वाद/विवाद, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश दिए।

जिला आबकारी अधिकारी को 14 अगस्त रात्रि 10 बजे से 16 अगस्त प्रातः 10 बजे तक शराब की दुकानें, कैंटीन समस्त आबकारी अनुज्ञापन बंद रखने के निर्देश दिए।

जनपद के प्रमुख चौराहों पर 14 अगस्त 2023 को सांय 06 बजे से रात्रि 9 बजे तक तथा 15 अगस्त 2023 को प्रातः 06 बजे से 11 बजे पूर्वान्ह तक लाउडस्पीकर के माध्यम से देश प्रेम एवं देश भक्ति के गीतों का प्रसारण।

14 अगस्त 2023 को सांय संस्कृति विभाग द्वारा कवि सम्मेलन तथा नेहरू युवा केन्द्र द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा छात्र/छात्राओं को स्वतंत्रता सांग्रम सैनानियों के इतिहास, शहीदों/देशभक्तों के जीवन से अवगत कराते हुए उनमें राष्ट्रीय चेतना विकसित करने के विषयों सम्बन्धित किया जाएगा। 15 अगस्त को प्रातः 07 बजे प्रभातफेरी निकाली जाएगी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुझरना कमठान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, उप जिलाधिकारी वरूणा अग्रवाल, अधि0अभि0 जे.के त्रिपाटी, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी भास्कर कुलियाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत, पुलिस क्षेत्राधिकारी नीरज सेमवाल, लोनिवि, विद्युत आदि समस्त सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नादी-नालों के सैलाब ने मचाई तबाही, घरों व दुकानों में घुसा भारी मलबा, दो बसें बही

## गिवईस्रोत व पनियाली गदेरे से नगर में हुआ भारी नुकसान , पुलों के पिलर में पेड़ फंसने से दुकान व घरों में घुसा मलबा



कोटद्वार के देवी रोड में पनियाली गदेरे के उफान पर आने से पुल के आसपास हुआ भू-कटाव



गिवईस्रोत पुलिया के समीप फंसे पेड़ व बस को निकालते हुए जेसीबी





कोटद्वार के देवी रोड में भरा पनियाली गदेरे का मलबा

### खतरे की जद में आई पुलिया

कोटद्वार क्षेत्र में हुई मूसलधार वर्षा से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। क्षेत्र की मालन, सुखरो व खो नदियों के साथ ही बरसाती गदेरे भी उफान पर हैं।

पनियाली गदेरे के उफान पर आने से देवी रोड पर पनियाली गदेरे में बनी पुलिया खतरे में आ गई है। पुलिस ने इस पुलिया से आवागमन बंद करवा दिया है। पनियाली गदेरे के उफान पर आने से देवी रोड, आमपड़ाव, कौड़िया सहित अन्य जगहों पर घरों व दुकानों में मलबा घुस गया है। साथ ही आमपड़ाव में एक अन्य पुलिया भी खतरे की जद में है।



पनियाली गदेरे के उफान से कौड़िया बस्ती में धराशायी हुआ भवन का हिस्सा


जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः मंगलवार दोपहर से बुधवार सुबह आठ बजे तक लगातार चली वर्षा नगर क्षेत्र में कहरबनकर टूटी। नदी-नाले उफान पर आने से जगह-जगह तबाही के मंजर दिखाई दिए। गिवईस्रोत व पनियाली गदेरे ने नगर क्षेत्र में सबसे अधिक तबाही मचाई। गिवईस्रोत डग में खड़ी दो बसें भी गदेरे की भेंट चढ़ गई थी। वहीं, देवी रोड में पनियाली गदेरे के पुल पर पेड़ फंसने से भारी मलबा दुकान व घरों में घुस गया। पनियाली गदेरे से आमपड़ाव व कौड़िया क्षेत्र के भी कई घरों में भारी मलबा भर गया। मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे वर्षा का दौर शुरू हो गया था। लगातार हुई मूसलाधार वर्षा का क्रम बुधवार सुबह आठ बजे तक जारी रहा। ऐसे में घाड क्षेत्र के जंगलों से निकलने वाले गिवईस्रोत व पनियाली गदेरे ने नगर क्षेत्र में खूब तबाही मचाई। राष्ट्रीय राजमार्ग से गिवईस्रोत डग के लिए जाने वाले मार्ग पर हुए भू-कटाव से वहां खड़ी दो बसे गदेरे की भेंट चढ़ गई। एक बस बहते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने पुल के पिलर में फंस गई। जबकि, दूसरी बस कुछ दूर गिवईस्रोत बस्ती को जोड़ने वाली पुलिया के पिलर में फंस गई। गदेरे में बहकर आया एक पड़े भी बस्ती की पुलिया में फंस गया था। जिससे देर रात गदेरे का पानी आसपास के घरों में घुस गया। देर रात परिवार अपनी जान बचाते हुए सुरक्षित स्थानों पर पहुंचे। वहीं, पनियाली गदेरे में देवी रोड पुल के पिलर में फंसे पेड़ से मलबा व पानी पुलिया से ऊपर से होता हुआ सड़क पर बहने लगा। जिससे आसपास की दुकानों में मलबा भर गया। साथ ही कामरूप नगर मोहल्ले में भी मलबा भरा हुआ नजर आया। उधर, पनियाली गदेरे ने कौड़िया बस्ती में तबाही मचाई। गदेरे की चपेट में आने से बस्ती के समीप स्थित दो भवन धराशायी हो गए। गनीमत यह रही की उक्त भवनों को परिवारों ने पहले ही खाली कर दिया था। गदेरे का पानी बस्ती में आने से जगह-जगह घरों में मलबा भर गया। जिससे लोगों के घरों में रखा सामान पूरी तरह बर्बाद हो गया।

## गाड़ीघाट से कुंभीचौड़-रतनपुर को जोड़ने वाले पुल की ढही एप्रोच

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : मंगलवार रात हुई भारी बारिश से खोह नदी पर बने गाड़ीघाट-कुंभीचौड़-रतनपुर पुल की एप्रोच ढह गई। सुरक्षा दृष्टि से पुल के दोनों ओर टीन से बंद कर दिया गया है।

गाड़ीघाट से कुंभीचौड-रतनपुर को जोड़ने के लिए दशकों पूर्व पुल का निर्माण करवाया गया था। लेकिन, मंगलवार देर रात खोह नदी के उफान पर आने से पुल की एप्रोच ढह गई। ऐसे में पुल से आवागन पूरी तरह बंद हो गया है।

लोगों को सनेह जाने के लिए सिद्धबली व काशीरामपुर तल्ला से होकर गुजरना पड़ रहा है।



गाड़ीघाट-रतनपुर- कुंभीचौड़ पुल की ढही एप्रोच

### ग्रास्टनगंज के समीप हुई अतिवृष्टि

सिद्धबली के समीप ग्रास्टनगंज तिराहे में अतिवृष्टि से जंगल का मलबा सड़क पर आ गया। जिससे सड़क पर आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया है। लोगों को बाजार आने के लिए भी लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। अतिवृष्टि के कारण कुछ घरों में मलबा भी भर गया था।

# अतिवृष्टि से तबाह हुआ राष्ट्रीय राजमार्ग, कोटद्वार से कटा गढ़वाल का संपर्क

## कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य अतिवृष्टि से सात से अधिक स्थानों पर आया बोल्डर व मलबा



कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य पांचवे मील से दो किलोमीटर आगे बरसाती रपटे में आया मलबा व बोल्डर

### देर रात से फंसे हैं वाहन

कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब तीन सौ से अधिक वाहन फंसे हुए हैं। बुधवार रात से वाहन चालक व उनके साथ मौजूद लोग राष्ट्रीय राजमार्ग खुलने का इंतजार कर रहे हैं। पर्वतीय क्षेत्रों के लिए सब्जी व अन्य आवश्यक सामग्री लेकर जाने वाले दर्जनों भारी वाहन भी हाईवे पर फंसे हुए हैं। यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिए पुलिस ने उन्हें बिसकुट व पानी की बोतल उपलब्ध करवाई। जबकि, सिद्धबली मंदिर समिति की ओर से लोगों को दोपहर का भोजन उपलब्ध करवाया गया।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में हुई बारिश से नजीबाबाद-बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य तबाह हो गया। जगह-जगह बोल्डर व मलबा आने से कोटद्वार का गढ़वाल से संपर्क कट गया। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग जेसीबी व पोकलेंट मशीनों की मदद से राष्ट्रीय राजमार्ग खोलने की जद्दोजेहद में लगा हुआ है।

कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग 15 किमी. के हिस्से में सात से अधिक स्थानों पर तबाह हो गया है। जिससे शहर का संपर्क गढ़वाल से गया है। बुद्धापार्क से करीब एक किलोमीटर आगे लोक निर्माण विभाग कालोनी के समीप पहाड़ी से भारी मलबा व बोल्डर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ गया। सड़क के निचले हिस्से में स्थित कालागढ़ टाइगर वन प्रभाग के विश्रामगृह में घुस गया। जिससे विश्रामगृह के सभी कमरों में मलबा भर गया।

सिद्धबली तिराहे पांच सौ मीटर दूरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर रात भारी बोल्डर गिर गया। यही से एक किलोमीटर आगे लालपुल से पहले पहाड़ी से भारी मलबा व बोल्डर आ गया। पांचवे मील के समीप भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर यही स्थिति देखने को मिली। वहीं, कोटद्वार से करीब सात किलोमीटर आगे बरसाती रपटे में पहाड़ी का एक हिस्सा ढह गया। मलबे व बोल्डर से राष्ट्रीय राजमार्ग की पूरी सड़क दब गई है। एनएच के अवर अभियंता अरविंद जोशी ने बताया कि 12 में से छः जगहों पर शाम चार बजे तक मलबा हटा दिया गया था। बिजनौर से पोकलेन मशीन मंगाई गई है। पूरी रात सड़क खोलने का प्रयास जारी रहेगा।

# सतपुली महाविद्यालय के छात्र का नीट में हुआ चयन

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : राजकीय महाविद्यालय सतपुली के बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र मयूरेश शाह का चयन नीट यूजी 2023 में एमबीबीएस कोर्स के लिए हुआ है। जो महाविद्यालय के बहुत बड़ी उपलब्धि है। महाविद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार, डॉ. राकेश कुमार इस्टवाल, प्राध्यापक डॉ. हिमानी बिष्ट, डॉ. अवधेश उपाध्याय, डॉ. विमल लखटकिया, डॉ. दीप्ति, डॉ. ऐश्वर्या राणा करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. वीर सिंह तथा वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी मनोज धूलिया ने खुशी जाहिर करते हुए छात्र मयूरेश शाह को बधाई दी। बता दें कि महाविद्यालय में बड़े साहब को वर्ष 2021-22 में इंस्पायरर छात्रवृत्ति मिली थी, बीएससी प्रथम वर्ष में श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय टिहरी से प्रथम श्रेणी प्राप्त हुआ है। वहीं महाविद्यालय की स्थापना के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी छात्र को इंस्पायर अवार्ड प्राप्त हुआ है तथा एमबीबीएस में चयन हुआ है।

## गीता धामी खरीदेगी महिला समूह की बनाई राखी और पेंटिंग

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह की पत्नी गीता धामी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन पौड़ी के तहत बने कमेडी जैविक समूह एकेश्वर ब्लॉक के सदस्यों के साथ वर्चुअल माध्यम से वार्ता की। इस दौरान गीता धामी ने समूह के माध्यम से निर्मित की जा रही राखियों एवं भीमल के रेशों से निर्मित पेंटिंग कार्य की सराहना की। साथ ही समूह द्वारा निर्मित राखियों और पेंटिंग को खरीदने की बात कही। इस मौके पर ब्लॉक मिशन प्रबंधक सुनील राणा आदि मौजूद थे।

# विज्ञान संगोष्ठी में राईकॉ सेंधीखाल ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : ब्लॉक स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन विकासखंड जयहरीखाल के बीआरसी खुंडोली में किया गया। संगोष्ठी में राईकॉ सेंधीखाल के छात्र अंशुमन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज सारी के छात्र शांतनु रावत ने द्वितीय एवं उच्चतर प्राथमिक विद्यालय वासी के छात्र रिशान्त रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अमित चंद, प्रोफेसर अजय रावत ने संयुक्त रूप से किया। संगोष्ठी में ब्लॉक के 50 छात्र-छात्राओं और 40 मार्ग दर्शक शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। विज्ञान संगोष्ठी में प्रथम स्थान पर राजकीय इंटर कॉलेज सेंधीखाल रहा। मार्गदर्शक शिक्षक दौलत सिंह गुसाई के निर्देशन में कक्षा 9 के छात्र अंशुमन ने पूरे ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य साधो सिंह बिष्ट ने छात्र एवं मार्गदर्शक शिक्षक को बधाई दी एवं आगे भी अपने प्रदर्शन को उच्च करने के लिए प्रेरित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पुरानी पेंशन बहाली की मांग को सांसद आवास की घंटी बजाएंगे कर्मचारी

**अल्मोड़ा।** पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन की जिला कार्यकारिणी की बैठक में 13 अगस्त को सांसद आवास पर घंटी बजाओ अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में एनएमओपीएस जिलाध्यक्ष गणेश भंडारी ने कहा कि आज सरकारें कर्मचारियों तथा शिक्षकों की ताकत को पहचान रही हैं जिस कारण 5 राज्यों में पुरानी पेंशन लागू कर दी गई है। उन्होंने कहा की उत्तराखंड में भी पुरानी पेंशन की मांग को लेकर कर्मचारी एकजुट हो रहे हैं। इस मौके पर तय किया गया कि आगामी 13 अगस्त को पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सांसद आवास पर घंटी बजाओ अभियान चलाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता मनोज कुमार जोशी ने की। बैठक में जिला मंत्री भूपाल सिंह चिलवाल, कोषाध्यक्ष दीपक तिवारी, धीरेंद्र कुमार पाठक, तारा सिंह बिष्ट, मोहन जोशी, नितेश कांडपाल, नन्दा बल्लभ मैनाली, संजय जोशी, कैलाश चन्द्र, गोपाल रावत, जीवन मेहरा, मदन ध्यानी, मीनाक्षी जोशी, रमेश मेहरा, मनोज पाठक, डी के जोशी और राजू लटवाल आदि ने विचार रखे।

### कांडे में शिक्षिका का समायोजन निरस्त करने की मांग उठी

**बागेश्वर।** विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय कांडे के ग्रामीणों ने विद्यालय की शिक्षिका के उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए उनका समायोजन निरस्त करने की मांग की है। कहा कि अभिभावक समिति शिक्षिका को स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित करेगी।

एसएमसी अध्यक्ष ज्योति देवी, ग्राम प्रधान बसंत सिंह ने कहा कि उनके शैक्षणिक कार्य को देखते हुए अन्य गांवों के ग्रामीण उन्हें अपने विद्यालय में ले जाने का प्रयास कर रहे हैं कहा कि विद्यालय में तैनात अध्यापिका व अध्यापक द्वारा बच्चों के विकास के लिए कार्य किए जा रहे हैं। किसी भी अध्यापक का समायोजन अन्यत्र नहीं किया जाना चाहिए। प्रबंध समिति ने इस संबंध में 15 अगस्त को अध्यापिका व अध्यापक को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इधर शिक्षिका ने कहा कि उन्होंने अपने समायोजन के लिए आवेदन नहीं किया है वे अपने उच्चाधिकारियों के आदेश का पालन करेंगी। उन्हें करूली भेजने का आदेश अधिकारियों का है।

### बागेश्वर के एसआई समेत जिले के सात पुलिस कर्मियों को मिलेगा सराहनीय सेवा सम्मान

**बागेश्वर।** बागेश्वर में हर साल की तरह इस साल में जिले के कई पुलिस कर्मियों को विशिष्ट व सराहनीय कार्य करने पर सराहनीय सेवा सम्मान के लिए चयनित किया है। इसमें एक एसआई, चार फायरमैन व दो पुलिस आरक्षी शामिल हैं। इन्हें 15 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा।

पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय से जारी सूची के अनुसार बागेश्वर जिले के सराहनीय सेवा के लिए लीडिंग फायरमैन डुंगर सिंह को सराहनीय सेवा सम्मान के लिए चयनित किया है। इसके अलावा कपकोट के थानाध्यक्ष एसआई कैलाश बिष्ट, बैजनाथ थाने के शोबन सिंह, सर्विलांस सेल के आरक्षी इमरान खान, लिडिंग फायरमैन त्रिलोक राम, फायर मैन प्रकाश चंद्र व पवन कुमार को विशिष्ट कार्य के लिए सहराहनीय सेवा सम्मान चिह्न दिया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस पर यह सम्मान उन्हें दिया जाएगा।

### ग्रीनवैली में स्वतंत्र भारत सप्ताह कार्यक्रिम शुरू

**पिथौरागढ़।** ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल में स्वतंत्र भारत सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। बुधवार को उत्तराखण्ड निजी विद्यालय संघ के अध्यक्ष डॉ.किशोर पंत,मैनेजर कनिका जोशी,संस्थापक एडवोकेट मनोज कुमार जोशी,प्रधानाचार्य रुचि मेहता ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल कैप्टन प्रतिज्ञा मेहरा व हेड गर्ल संजना धामी,हेड बॉय लक्ष्मण सिंह ने मुख्य अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया। स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत व सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता भी कराई गयी। जूनियर वर्ग की लेमन रेस प्रतियोगिता में सनाया, अनाया, तेजस्वी, अहमद, आयुष्मान ने जीत दर्ज की। सीनियर वर्ग की बलून बैलेंसिंग रेस में आदित्य व लक्ष्य,जैनिशा व ज्योति,अवनी व कशिश, मानसी व खुशी,कनिका व सोनम,आयुष व सुधांशु,अंजली व भूमिका,आरती व रितिका,राहुल व रक्षित,संजना व शिवानी की जोडी ने जीत हासिल की। इस दौरान प्रधानाचार्य रुचि मेहता ने स्वतंत्रत भारत सप्ताह के बारे में जानकारी देकर देश हित में निरंतर कार्य करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह देश भक्ति से संबंधित कई कार्यक्रम किए जाएंगे।

### रेशम कीट पालनक खलझूनी के किसानों ने बढ़ाई अपनी आजीविका

**बागेश्वर।** तहसील के सबसे दूरस्थ ग्रामसभा खलझूनी के किसानों ने रेशम किट पालन पर अपनी आजीविका बढ़ाने का काम किया है। संजीवनी विकास एवं जनकल्याण समिति रानीखेत व रेशम विभाग के सहयोग से योजना चल रही है। जनजाति परिवार के लिए ओक टसर विकास परियोजना के अंतर्गत किसानों को लाभ दिया जा रहा है। संस्था के सुपरवाइजर विनोद सिंह घुघतियाल ने बताया कि कपकोट के खलझूनी के लोग बेहतर कार्य कर रहे हैं, जिसके लिए उन्हें प्रशिक्षण के लिए भीमताल के रिसर्च सेंटर ले जाया गया। यहां किसानों को प्रशिक्षण दिलाया गया। किसानों को कीट पालन के लिए अंडे दिए गए। इसके बाद स्थानीय बांज व खरसू के पत्तों पर यह कीट पालन किया गया। 45 दिन के बाद 25 हजार, 560 कोकुन तैयार किया गए।

### स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया

**चम्पावत।** धूरा–चौड़ाकोट में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। बाराकोट ब्लॉक प्रमुख व महिला मोर्चा कुमाऊं सह संयोजक विनीता फत्र्याल ने सेनानियों की स्थली को नमन किया। बुधवार को ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में सम्मान कार्यक्रम शुरू हुआ। यहां स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष को याद करते हुए उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। धूरा चौड़ाकोट के सात स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार वालों को सम्मानित किया गया। जिसमें महेश चंद्र चौड़ाकोटी, हर सिंह राणा, बृजमोहन चौड़ाकोटी, दीवान सिंह राणा, त्रिलोचन जोशी, जिपं सदस्य दीपा जोशी रही। यहां पूर्व ब्लॉक प्रमुख बहादुर फत्र्याल रहे।

### नवनीत पांडे होंगे चम्पावत के 23वें डीएम

**चम्पावत।** चम्पावत को 15 दिन बाद नया डीएम मिल गया है। शासन के आदेश पर अपर सचिव शहरी विकास नवनीत पांडे को चम्पावत का नया कलेक्टर बनाया गया है। जिससे अब सीएम की विस में विकास कार्यों को गति मिल सकेगी। उत्तराखंड के पहले पीसीएस बैच 2002 के कैडर आईएएस अधिकारी नवनीत पांडे की नौकरी की शुरुआत चम्पावत जिले से हुई।

# बेघर हुए परिवारों को नहीं रहा प्रशासन व सरकार पर विश्वास

**बागेश्वर।** कांडा तहसील के कांडे कन्याल में खड़िया खान का मलबा घरों में भरने से बेघर हुए परिवारों को मुआवजा नहीं मिलने से उनका भरोसा सरकार से उठ गया है। इसमें एक परिवार गांव छोड़कर कहीं और जाने को मजबूर हो गया है तो दूसरे ने मंदिर में जाकर भगवान की शरण में न्याय की गुहार लगाने की बात कही है। दूसरी तरफ प्रशासन के मुताबिक खड़िया खान के कारण होने वाले नुकसान पर आपदा मद से मुआवजा नहीं मिल सकता है। बताया जा रहा है कि इसके लिए खान पट्टा धारक जिम्मेदार है। हैरत यह है कि खान पट्टा खुद प्रशासन ने दिया। पीड़ित ग्रामीणों के विरोध के बावजूद पट्टा जारी किया गया। अब खनन के कारण मकान टूटने पर प्रशासन और खान पट्टाधारक दोनों एक जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं।

कांडा में ग्रामीणों के हितों को नजरअंदाज करके प्रशासन व सरकार ने खनन की अनुमति दी, जिसका ग्रामीण शुरू से विरोध करते रहे। खान मालिक ने जेसीबी, पोकलैंड के माध्यम से खनन शुरू करा दिया। गत वर्ष जब मां कालिका मंदिर, स्कूल व गैस गोदाम में दरारें आने लगी तो प्रशासन ने ग्रामीणों को उनकी सुरक्षा का आश्वासन दिया। पिछले दिनों तेज बरसात से कांडे कन्याल गांव के नरेंद्र राम व नंद राम के घर में मलबा भर गया। इसके अलावा दो और घरों को भी नुकसान हुआ है। इसके बाद ग्रामीणों ने विरोध किया तो तहसीलदार वहां पहुंचे और उसे फौरी राहत के तौर पर राशन दिया। एक परिवार पड़ोसी के घर में रह रहा है जबकि दूसरे की व्यवस्था पंचायत घर में की गई। मगर परिवार के लिए बिस्तर तक की व्यवस्था नहीं की गई। मंगलवार को मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जानकी ने बताया कि उसके तीन बच्चे हैं, जिसमें पति व एक पुत्री बीमार है। उसका हल्द्वानी में इलाज चल रहा है।

> खनन क्षेत्र के समीप हुआ नुकसान आपदा के मानकों में नहीं आता है। इससे हुए नुकसान का मुआवजा के लिए खान पट्टा धारक ही जिम्मेदार रहेगा।
>
> **—शिखा सुयाल, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी**

क्षुब्ध परिवार ने गांव छोड़ाः खड़िया खान से प्रभावित तुलसी देवी पत्नी नंदन राम का कहना है कि अनुनय विनय के बाद जब प्रशासन व खान मालिक ने नहीं सुनी। क्षेत्र में खनन से उनके मकान टूट गए। क्षुब्ध नंदन ने अब गांव ही छोड़ दिया। वह अपने परिवार को लेकर अन्यत्र चला गया है। वहीं नरेश की पत्नी जानकी ने बताया कि वे भी गांव छोड़ने का मन बना रहे हैं क्योंकि उनका प्रशासन व सरकार से विश्वास उठ चुका है।

मंदिर में जाकर मांगेंगी न्यायः प्रभावित जानकी देवी ने बताया कि उनका अब प्रशासन व सरकार पर विश्वास नहीं रह गया है। उन्हें लगातार गुमराह करके झूठे आश्वासन दिए गए परंतु किसी ने सुध नहीं ली। जिस पर अब वह प्रशासनिक अधिकारियों व सरकार व जनप्रतिनिधियों, खान मालिक की सच्चाई के लिए मंदिरों में न्याय की गुहार लगाएंगी।

### व्यवस्था पर फूटा महिलाओं का गुस्सा

**हल्द्वानी।** रकसिया नाले से आपदा जैसी स्थिति का सामना कर रही हल्दू पोखरा नायक की महिलाओं ने प्रशासन की टीम के नहीं पहुंचने पर सड़क जाम कर प्रर्दशन किया। अधिकारियों मौके पर पहुंचे तो उन्हें भी महिलाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ा। नाले के पानी के बहाव की दिशा बदलने के लिए जेसीबी से काम शुरू होने पर ही महिलाओं ने जाम खोला। इस दौरान सड़क पर दोनों ओर वाहनों की कतारें लगी रहीं। रकसिया नाला पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में तबाही का कारण बन रहा था। मंगलवार देर रात भारी बारिश में फिर यहां की गलियां पानी से भर गईं। जिससे रातभर लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बुधवार सुबह मौसम ठीक होने के बाद भी 10 बजे तक प्रशासन के किसी प्रतिनिधि के क्षेत्र में नहीं पहुंचने पर महिलाओं का गुस्सा बढ़ गया।

## निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराना सभी की जिम्मेदारी

**बागेश्वर।** विधानसभा उपचुनाव को लेकर अधिकारियों को पुलिस अधीक्षक ने आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए प्रशासन मुस्तैद है। इस दौरान आचार संहिता के मद्देनजर लाइसेंसी शस्त्र गन हाउस में शतप्रतिशत जमा कराने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने बैठक में कहा कि आदर्श आचार संहिता का पूर्ण पालन कराया जाएगा। जिले के कौसानी, कंधार, झिरौली, कांडा, अमसरकोट, बालीघाट आदि स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इस बीच आचार संहिता के मद्देनजर जरूरी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीमें क्षेत्र में नियमित रूप से सक्रिय रहेंगी और चेकिंग करेंगी। आम जनमानस को भी आदर्श आचार संहिता का पालन करने और निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए सहयोग लिया जाएगा। पुलिस उन्हें जागरूक भी करेगी। अवैध नशे पर अंकुश लगाया जाएगा। अवैध नशे के अड्डों को चिह्नित किया जाएगा। मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री करने वालों, आपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कराई होगी। गुंडा एक्ट, गैंगस्टर, सीआरपीसी, पुलिस एक्ट, एनडीपीएस, गैरजमानती वारंटियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सक्रिय अपराधियों और पुराने हिस्ट्रीशीटर का आकलन भी किया जाएगा। लाइसेंस शस्त्र धारकों के शस्त्र गन हाउस में जमा कराए जाएंगे। थाना, चौकी छोटी घटनाओं को भी गंभीरता से लें और त्वरित कार्रवाई करें। आरआई रेडियो संचार व्यवस्था दुरुस्त और प्रभावी रखेंगे।

## अल्मोड़ा कारागार में धूमधाम से मनाया गया अगस्त क्रांति दिवस

**अल्मोड़ा।** अगस्त क्रांति दिवस ऐतिहासिक अल्मोड़ा कारागार परिसर में बड़ी धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नेहरू वार्ड में पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र के अनावरण के साथ किया गया तथा द्वीप प्रज्वलित कर नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, डीसीबी चेयरमैन ललित लटवाल तथा अन्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन गिरीश मल्होत्रा द्वारा किया गया। इस दौरान जेल परिसर में सभी के द्वारा नेहरू जी समेत सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी गई। ऐतिहासिक अल्मोड़ा जेल में जवाहर लाल नेहरू, बद्रीदत्त पांडे, हरगोविंद पंत, सैयद अली जहीर, खान अब्दुल गफ्फार खान, दुर्गा सिंह रावत समेत अन्य क्रांतिकारी नेता निरुद्ध रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि भारत



छोड़ो आंदोलन की याद में यह अगस्त क्रांति दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानी के सम्मान को बनाए रखने हेतु सभी नागरिकों को अपने अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए, उनके आदर्शों का सम्मान करना चाहिए। पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के लिए बहुत से स्वतंत्रता सेनानियों ने बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त का दिन भारत छोड़ो आंदोलन की अगस्त क्रांति में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सैनानियों को याद करने का दिन है।

कार्यक्रम में एडम्स कॉलेज, मंगल दीप स्कूल, ग्रेस पब्लिक स्कूल, मानस पब्लिक स्कूल, कूर्मांचल पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा सुंदर प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोहित किया गया। इस दौरान बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य तथा भाषण के माध्यम से समा बांधा। मंगल दीप स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने भी देश भक्ति गीत एवं नृत्य किए। सभी वक्ताओं ने भारत छोड़ो आंदोलन के इतिहास, तत्कालीन परिस्थितियों आदि के बारे में अपने अपने विचार रखे तथा कहा कि अल्मोड़ा की जेल एक ऐतिहासिक जेल है। इस जेल से बहुत से वीर स्वतंत्रता सेनानियों का इतिहास जुड़ा हुआ है। इस दौरान कारागार प्रशासन द्वारा जेल रेडियो का आयोजन कर जेल परिसर की दिनचर्याओं के बारे में विस्तार से बताया गया। जिसकी सभी ने प्रशंसा की। जेल अधीक्षक जयंत पांगती ने कहा कि आज परिस्थितियां पूर्व की अपेक्षा काफी बदल गई हैं। उन्होंने जेल के बारे में कहा कि यह बंदी गृह न होकर सुधार गृह है। यहां अपराधियों को स्वसुधार हेतु प्रेरित किया जाता है।

इस दौरान मंगलदीप विद्यालय की संस्थापक मनोरमा जोशी, तहसीलदार दलीप सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक बीडीएस नेगी, रेडक्रॉस के चेयरमैन मनोज सनवाल, पीसी तिवारी समेत अन्य पदाधिकारी तथा गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता से किया जाय

**अल्मोड़ा।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की गई शिकायतों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी लेवल 01 तथा लेवल 02 के अधिकारियों को अपने–अपने स्तर पर शिकायतों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि समय–समय पर मुख्यमंत्री द्वारा सीएम हैल्प लाइन में दर्ज शिकायतों के सम्बन्ध में हुई कार्यवाही की समीक्षा की जाती है।



बैठक में उन्होंने निर्देश दिये कि दर्ज शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता से करते हुये शिकायतकर्ता से वार्ता की जाय। उन्होंने वन विभाग, शिक्षा, बाल विकास, पर्यटन, स्वास्थ्य, सिंचाई आदि विभागों की दर्ज शिकायतों को स्वयं पोर्टल में देखते हुए शिकायतकर्ताओं से स्वयं दूरभाष पर वार्ता की। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि दर्ज शिकायत पर शिकायतकर्ता से वार्ता करने के साथ ही विभाग द्वारा की गई कार्यवाही को पोर्टल पर अपडेट किया जाय।

उन्होंने निर्देश दिये कि लम्बे समय से लम्बित शिकायतों का निस्तारण तत्काल किया जाय तथा सभी अधिकारी प्रत्येक दिन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का अवलोकन स्वयं करें ताकि लम्बित व दर्ज शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेते हुए निस्तारण किया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी सी एस मर्तोलिया, प्रभागीय वनाधिकारी सिविल सोयम ध्रुव सिंह मर्तोलिया, जिला विकास अधिकारी संतोष कुमार पंत सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### डायट में तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू

**चम्पावत।** डायट लोहाघाट में तीन दिवसीय सामाजिक विज्ञान की जनपदीय संदर्भ समूह की कार्यशाला का शुभारंभ हो गया है। कार्यशाला में जिले के प्राथमिक, जूनियर और इंटरमीडिएट विद्यालयों के 34 शिक्षक–शिक्षिकाएं प्रतिभाग कर रहे हैं।

डायट प्राचार्य अवनीश शर्मा की अध्यक्षता और शिवराज सिंह तड़ागी की अध्यक्षता पर आयोजित कार्यशाला में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नवीन चन्द्र जोशी रहे। डीआरजी प्रकाश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि कक्षा पांच तक और माध्यमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान विषय के लिए उत्कृष्ट सामग्री तैयार करने, विद्यालयों में सामाजिक विज्ञान की लैब स्थापित करने और बाल शोध मेलों के आयोजन के लिए रोडमेप की जानकारी दी। गेस्ट फैकल्टी के रूप में डॉ. ममता गंगवार ने बच्चों में जिज्ञासा उत्पन्न करने और परिवेश से जोड़ने पर जोर दिया।

## अगस्त क्रांति दिवस पर निकली शोभायात्रा, स्वतंत्रता संग्राम की स्मारिका का हुआ विमोचन

**अल्मोड़ा।** अगस्त क्रान्ति दिवस के अवसर पर बुधवार 09 अगस्त को उत्तराखंड स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के द्वारा शोभायात्रा निकाली गई तथा स्वतन्त्रता संग्राम स्मारिका का विमोचन भी किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ नंदा देवी मंदिर परिसर से किया गया। यात्रा मुख्य बाजार होते हुए हुक्का क्लब से गांधी पार्क तथा रैमजे इंटर कॉलेज तक निकाली गई। इस दौरान गाँधी पार्क में महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित की गई। शोभायात्रा में राज्य के सभी जनपदों से सेनानी परिवारों द्वारा प्रतिभाग किया गया। शोभा यात्रा को आकर्षक बनाने के लिए स्कूली बच्चों, छोलिया की प्रस्तुति भी की गई। कार्यक्रम में अल्मोड़ा, बागेश्वर, रानीखेत, द्वाराहाट आदि क्षेत्रों से भी लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलन के साथ शकुन आखर भी गाए गए। यहाँ स्वतंत्रता संग्राम की स्मारिका का विमोचन प्रदेश अध्यक्ष मयंक शर्मा एवं पूर्व विधायक कैलाश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद जोशी, रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, नैनीताल जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह कंडारी, सेवानिवृत्त कर्नल रवि पांडे, किशन जोशी, कैलाश जोशी, बिपिन चंद्र जोशी, भगवती नेगी, शिव शंकर बोरा, कैलाश वर्मा, नंदन सिंह कार्की सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। स्मारिका विमोचन के दौरान गोपाल सिंह चम्याल एवं उनकी टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम का संचालन संगठन जिलाध्यक्ष कमलेश पांडे द्वारा किया गया।

## उदीयमान खिलाड़ी बनने को 198 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

पिथौरागढ़। सीमांत में मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के जिलास्तरीय ट्रायल्स शुरू हो गए हैं। नगर के सुरेंद्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडिय में आयोजित ट्रायल्स का शुभारंभ एसडीएम अनुराग आर्या ने किया। पहले दिन आठ विकासखंड और दो नगरपालिका क्षेत्र में चयनित होने वाले 198 खिलाड़ियों ने शटल रन, 30 मीटर फ्लाइंग स्टार्ट फारवर्ड बैण्ड रीच, मेडिसन बॉल पुट, 600 मीटर दौड़ व स्टैंण्डिग ब्राड जम्प में ट्रायल दिया। जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रताप सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय ट्रायल्स तीन दिन तक चलेंगे। चयन प्रक्रिया के प्रत्येक इवेंटस में पारदर्शिता के लिए वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। चयनित होने वाले खिलाड़ियों को प्रतिमाह 1500 रुपये मासिक छात्रवृत्ति के तौर पर दिए जाएंगे। संचालन नवल पन्त प्रभारी बीआरसी विण ने किया। यहां जिला युवा कल्याण अधिकारी डीएन द्विवेदी, डॉ. निहाल अख्तर, शिक्षा विभाग के भूपेन्द्र सिंह चौहान, हरीश पंत, खेल विभाग के प्रशिक्षक नीरज सौन, चन्द्र सिंह धामी, मनोज रावत, नवीन लुंठी, मुकुल पाठक, विनय किशोर, चंचल सिंह, जगदीश कसन्याल, विशाल नगरकोटी, प्रकाश जंग थापा, यतीश ओझा, सुनील प्रसाद, सरोज, भूपेश बिष्ट, विशाल नगरकोटी, मनोज कुमार पुनेठा, जर्नादन सिंह वल्दिया, लीलावती जोशी मौजूद रहे।

### 14 अगस्त को होगा क्रास कंट्री रेस का आयोजन

**हल्द्वानी।** जिला खेल कार्यालय स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर 14 अगस्त को क्रास कंट्री रेस का आयोजन करेगा। प्रतियोगिता छह वर्गों में होगी। पुरुष एवं महिला ओपन की दौड़ सर्किट हाउस काठगोदाम से शुरू होकर खेड़ा चौराहे होते हुए इंदिरा गांधी स्टेडियम गौलापार में समाप्त होगी। अंडर–16 बालक/बालिकओं की दौड़ कालीचौड़ मंदिर के गेट से शुरू होकर खेड़ा चौराहे होते हुए इंदिरा गांधी स्टेडियम गौलापार में समाप्त होगी। अंडर–12 बालक/बालिकाओं की दौड़ इंदिरा गांधी स्टेडियम गौलापार में ही आयोजित की जाएगी। इच्छुक खिलाड़ी 10 अगस्त को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक अपना पंजीकरण जिला खेल कार्यालय में करवा सकते हैं। पंजीकरण करवाने के लिए प्रतिभागियों को अपना जन्म प्रमाण–पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति साथ में लाना जरूरी है।

## मासी—दिल्ली रोडवेज बस सेवा के लिए मासी में प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** अगस्त क्रांति दिवस पर मासी की क्षेत्रीय जनता ने रानीखेत डिपो की मासी दिल्ली बस सेवा के लिए मासी में धरना प्रदर्शन किया और सरकार से मांग रखी कि इसको पुनः शुरू किया जाय। जिसके लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन भी ईमेल द्वारा प्रेषित किया गया।



प्रदर्शन में लोगों ने कहा कि मासी क्षेत्र के साथ अन्याय किया जा रहा है, बस के नहीं चलने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने कहा कि एक ओर देश इक्कीसवी सदी में प्रवेश कर गया है और वहीं मासी क्षेत्र छोटी–छोटी मांगों को लेकर आन्दोलनरत है।

क्षेत्र के लोगों ने पार्टी भावना से ऊपर उठकर अब आन्दोलन का मन बना लिया है। लोगों ने कहा कि अगर इस बस का संचालन पुनः नहीं किया गया तो वृहद रूप रेखा के साथ आन्दोलन किया जाएगा, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री की घोषणाओं सहित कई विकास के मुद्दों को सम्मिलित किया जाएगा। यहाँ प्रधान मासी दीपा मासीवाल, व्यापार मण्डल अध्यक्ष मासी गिरीश आर्या, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य गोपाल मासीवाल, पूर्व कनिष्ठ प्रमुख शंकर सिंह रावत, रमेश चन्द्र चतुर्वेदी, चन्द्रा दत्त उपाध्याय, हरीश उपाध्याय, अशोक कुमार, पूरन लाल वर्मा, लीला धर मासीवाल, भुवन चंद्र गोड़, कैलाश चतुर्वेदी, नरेश कुमार, कपिल शर्मा, ललित मासीवाल, गोविंद सिंह, हरीश सिंह, विपिन शर्मा, कृपाल दत्त, राजू जोशी, उमेश फुलारा, दीपक कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली चोरी करने में एक पर केस

रुड़की। देहरादून ऊर्जा निगम की विजिलेंस टीम के एई विकास कुमार, रोबिन सिंह, धनंजय कुमार की टीम ने भट्टीपुर के जेई दिवाकर मौर्य के साथ जसोदरपुर गांव में छापा मारा। उन्होंने गांव के निसार पुत्र सुबराती के घर बिजली की चोरी पकड़ ली। जेई ने उसके खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

### केंद्र की टीम ने जांचा लक्सर में बाढ़ से हुआ नुकसान

रुड़की। केंद्र की विशेष टीम ने डीएम के साथ लक्सर में बाढ़ प्रभावित रहे गांवों का दौरा किया। उन्होंने बाढ़ से खराब हुई फसलों को देखकर किसानो के नुकसान की जानकारी ली। टीम ने बताया कि नदी, नाले और पुलिया बंद होने से बरसाती पानी की निकासी नहीं हो सकी है। इसीलिए बाढ़ से नुकसान का दायरा बढ़ा है। पिछले महीने सोलानी नदी का तटबंध टूटने से लक्सर में भीषण बाढ़ आ गई थी। किसान, मजदूर, व्यापारी सबको इससे बड़ा नुकसान हुआ है। केंद्र की विशेषज्ञ टीम कई दिन से जिले में हुए नुकसान का डाटा जुटा रही है। बुधवार को टीम डीएम धीरज सिंह गर्ब्याल के साथ लक्सर पहुंची और बाढ़ग्रस्त हुसैनपुर, ऐथल बुजुर्ग, बुक्कनपुर, खानपुर आदि गांवों का दौरा किया।

### महात्मा गांधी को किया याद

रुड़की। महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने अगस्त क्रांति दिवस पर गांधी वाटिका में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर सभा की।

हेमेंद्र चौधरी ने बताया कि स्वतंत्रता आन्दोलन के अंतिम चरण में 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी ने मुंबई के एक मैदान में एक सार्वजनिक सम्मेलन में जनता को भारत छोड़ो आंदोलन का मूलमंत्र दिया था। इसी मैदान को अब अगस्त क्रांति मैदान के नाम से जाना जाता है। इस मौके पर गुड्डू पार्षद, सुशील कश्यप, बेनी प्रसाद सैनी, भूषण त्यागी, पंकज सिंघल, विनोद कुमार, सुभाष चंद शर्मा, दीपक वर्मा, राहुल सैनी, साहिल भाई, मीर हसन, जाकिर हुसैन, सलमान आदि उपस्थित रहे।

### शहीद दिवस के कार्यक्रम में जगदीश वत्स का नाम गायब

रुड़की। अमर शहीद जगदीश प्रसाद वत्स के बलिदान दिवस पर जिला प्रशासन प्रतिवर्ष 14 अगस्त को हरिद्वार के भल्ला पार्क में कार्यक्रम आयोजित करता है। इस कार्यक्रम में विधिवत रूप से आज तक न तो कभी अमर शहीद जगदीश प्रसाद वत्स के परिजनों को आमंत्रित किया गया और न ही उनकी जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए कोई पहल की गई। शहीद वत्स के भांजे श्रीगोपाल नारसन ने कहा कि इस बार बलिदान दिवस को लेकर जो कार्यक्रम जारी किया, उसमें अमर शहीद जगदीश वत्स का नाम ही गायब है। इसको लेकर शहीद वत्स के परिजन ही नहीं स्वतंत्रता सेनानी और उनके उत्तराधिकारी भी नाराज हैं।

### भाकियू अराजनैतिक ने नगराध्यक्ष परवेज नंबरदार का किया स्वागत

रुड़की। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के नगर अध्यक्ष परवेज नंबरदार का समर्थकों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष ने कहा कि परवेज नंबरदार किसानों की समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाएंगे। पूर्व पालिका अध्यक्ष चौधरी इस्लाम के आवास पर संगठन के नगर अध्यक्ष नंबरदार का स्वागत किया गया। चौधरी इस्लाम ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। इसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंगलौर के अधिकतर किसानों की फसलें बारिश के कारण खराब हो चुकी हैं। सरकार जनपद को आपदाग्रस्त घोषित कर किसानों को उचित मुआवजा दिलाए।

### सांसद के पत्र पर बोले सीएम, कार्रवाई करेंगे

रुड़की। भाजपा सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निंशक के प्रतिनिधि चौधरी जितेंद्र कुमार ने बताया कि हरिद्वार के गांव खेड़ी शिकोहपुर के लोगों ने सांसद से मिलकर पुलिस पर झूठे मुकदमे दर्ज करने की जानकारी दी थी। मुकदमे वापस कराने की मांग की थी। सांसद की ओर से एक जुलाई को मुकदमे की वापसी के लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजा गया था। बाद में सांसद ने 11 जुलाई को दूसरा पत्र भेजकर मांग की थी कि सहकारी समितियों के किसानो की मृत्यु होने के बाद उनके बकाया ऋण का शत प्रतिशत ब्याज माफ करने की मांग की थी। बताया कि सीएम ने सांसद को पत्र लिखकर दोनो मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिया है।

### ट्यूबवेल से चोरी के मोटर सहित दो गिरफ्तार

रुड़की। ट्यूबवेल से मोटर चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ट्यूबवेल का मोटर बरामद कर लिया। गांव बसवाखेडी निवासी अनुज कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि दो आरोपियों ने 11 जून को उसके खेत पर लगा ट्यूबवेल का मोटर चोरी कर लिया था। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया था।


पुलिस ने केस दर्ज करने के साथ ही आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी मोटर को बेचने के लिए जा रहे हैं और वह देवबंद मार्ग पर खड़े हुए हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने अपने नाम आनंद व रजत निवासी बसवाखेड़ी बताए। पुलिस ने दोनों के कब्जे से चोरी किया गया ट्यूबवेल का मोटर बरामद कर लिया है।

### महानगर कांग्रेस ने अगस्त क्रांति के अवसर किया कार्यक्रम का आयोजन

हरिद्वार। महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अगस्त क्रांति पर बैठक की। महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी, कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि अगस्त 1942 में महात्मा गांधी ने अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया था। पूरे देश में इस आंदोलन को व्यापक समर्थन मिला।

पीसीसी सदस्य मुरली मनोहर, वरिष्ठ नेता इरफान ने कहा कि अगस्त क्रांति को हमेशा याद किया जाएगा। पार्षद राजीव भार्गव और ब्लॉक अध्यक्ष अमित नौटियाल ने कहा कि अगस्त क्रांति से हमें प्रेरणा मिलती है कि हम अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का याद कर उनके संघर्षों को भावी पीढ़ी को बताएं।

पार्षद इसरार सलमानी, वरिष्ठ नेता सोम त्यागी ने कहा कि अगस्त क्रांति देश के असंख्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष का प्रतीक है। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष विमल शर्मा, विकास चंद्रा,पार्षद रियाज अंसारी, कैलाश प्रधान,भूपेंद्र पटुवर, ऋषभ वशिष्ठ ,अशोक गुप्ता आदि मौजूद रहे।



### राज्यपाल ने की नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने बुधवार को नई दिल्ली प्रवास के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उनके मध्य उत्तराखण्ड प्रदेश के विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

### नाबालिग से दुष्कर्म में दस साल की कठोर सजा

**रुड़की।** अपर सत्र न्यायाधीश पीठासीन अधिकारी मोहम्मद सुल्तान की कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को दोषी ठहराया है। कोर्ट ने दोषी को दस साल की कठोर कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर दोषी को छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी पड़ेगी। शासकीय अधिवक्ता विवेक कुश ने बताया कि कोर्ट ने बुधवार को दोषी गिरीश चंद पुत्र हरिद्वारी निवासी महालक्ष्मी भट्टा बिंदू खड़क, झबरेड़ा के खिलाफ सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि पिछले साल 23 मार्च को 15 वर्षीय किसोरी भट्टा कॉलोनी के आसपास खेल रही थी। अचानक दोपहर तीन बजे बाद वह गायब हो गई। परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चला

## कीर्तिनगर में वीर शहीदों के नाम के शिलापट का किया लोकार्पण

श्रीनगर गढ़वाल। कीर्तिनगर तहसील परिसर में मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत वीर शहीदों के नाम का शिलापट का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर पुलिस के जवानों ने स्मारक पर पुष्प अर्पित कर सलामी दी। आज़ादी का अमृत महोत्सव पर कीर्तिनगर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गौरवशाली इतिहास को याद किया। बुधवार को कीर्तिनगर नगर पंचायत द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मेरी माटी, मेरा देश के तहत तहसील क्षेत्र के भारतीय सेना में भारत मां की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले सैनिकों के नाम का शिलापट लगाकर स्मारक की स्थापना की गई। इस अवसर पर देवप्रयाग विधानसभा के विधायक विनोद कण्डारी, नगर पंचायत अध्यक्ष कैलाशी जाखी व उपजिलाधिकारी सोनिया पंत ने संयुक्त रूप से स्मारक का उद्घाटन कर सभी वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव जनता को समर्पित है। कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मजबूत इच्छा शक्ति व सक्रियता से सामाजिक-सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी है। इस दौरान राजकीय इंटर कॉलेज कीर्तिनगर की छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में कैप्टन हिम्मत सिंह नेगी, कोतवाल कमल मोहन भण्डारी, विजयराम गोदियाल, रणजीत सिंह जाखी, अधिशासी अधिकारी राजेन्द्र सजवाण, नरेंद्र कुंवर, प्रवेन्द्र पंवार, धाम सिंह, नरेंद्र भण्डारी, मनमोहन रावत, विकास दुमागा, जगदम्बा कुमांई व मुकेश उनियाल आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों की आपत्ति के बाद डीएम ने दिए जांच के आदेश

**पौड़ी।** खंडाह श्रीकोट गदेरे में निर्माणाधीन पेयजल टैंक को लेकर स्थानीय ग्रामीणों की आपत्ति के बाद डीएम ने इसकी जांच के आदेश एसडीएम श्रीनगर और एसई जलनिगम को दिए है। इस संबंध में ग्रामीणों ने डीएम से शिकायत की है।

डीएम को सौंपे शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि गदेरे में जो पानी आ रहा है वह गंदा है और पीने योग्य नहीं है। स्थानीय स्तर पर पेयजल की आपूर्ति पौड़ी-श्रीनगर पेयजल योजना से ही पहले से दिया जा रहा है। साथ ही यहां पानी का टैंक बन जाने के बाद असनोली, पीपल कोटी, गुलेत व क्वीराली तोक के खेतों के लिए सिंचाई का पानी भी नहीं मिलेगा।

डीएम से मांग की गई कि उक्त निर्माण पर रोक लगाई जाए। ग्रामीणों की शिकायत पर डीएम ने एसडीएम श्रीनगर और जलनिगम के एसई को मामले की जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है।

### महिला में डेंगू की पुष्टि

ऋषिकेश। ऋषिकेश में डेंगू ने दस्तक दे दी है। इंदिरानगर में एक महिला में डेंगू की पुष्टि हुई है। इसके बाद अब स्वास्थ्य से लेकर नगर निगम की टीमें बचाव कार्यों के लिए अलर्ट हो गई है। राजकीय चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. पीके चंदोला के मुताबिक इंदिरानगर निवासी 40 वर्षीय महिला तेज बुखार और शरीर में चकत्ते पकड़ने की शिकायत लेकर ओपीडी पहुंची। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद चिकित्सक ने डेंगू की आशंका में महिला को जांच कराने की सलाह दी। बुधवार को आई महिला की रिपोर्ट में डेंगू की पुष्टि हुई।

## बारिश के चलते जगह-जगह जल भराव

ऋषिकेश। ऋषिकेश में बीते तीन दिन से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बारिश के चलते जगह-जगह जल भराव हो रहा है। बुधवार को झमाझम बारिश से शहर के कई इलाकों में पानी भर गया। जबकि चंद्रभागा बरसाती नदी के तट पर बसे कई घरों में भी पानी घुस गया। उधर, गंगा भी उफान पर रही। बारिश के चलते गंगा समेत दूसरी नदियों के जल स्तर में बढ़ोतरी हुई है। बारिश के चलते शहर के कई मोहल्लों में जल भराव हो गया। स्थिति यह रही कि कई फुट जल भराव के बीच पैदल निकलने को लोग मजबूर हुए। हरिद्वार मार्ग पर हाल यह रहा कि दो-दो फुट पानी सडक़ पर भरा रहा। नालियों की सफाई नहीं होने से दिक्कतें बढ़ रही हैं। बीती रात्रि चन्द्रभागा बरसाती नदी का जलस्तर बढ़ने से तट पर बसे लोगों के घरों में पानी घुस गया। इससे उनका सामान भी खराब हो गया। कुछ लोग घरों में पानी घुसने पर बाहर निकल आये। तपोवन, शिवपुरी क्षेत्र में भी मूसलाधार बारिश के चलते कई संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इससे लोगों को आवाजाही में परेशानी आ रही है। उधर, गंगा दूसरे दिन भी उफान पर रही। बुधवार को गंगा चेतावनी निशान के आसपास ही बही। इससे स्नानघाट दिनभर जलमग्न रहे। तहसीलदार चमन सिंह ने बताया कि चंद्रभागा तट पर झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। जबकि गंगा स्नान करने के लिए लोगों को सुरक्षित घाट पर ही भेजा जा रहा है। जलभराव की समस्या से निपटने को नगर निगम प्रशासन को कर्मचारी लगाने को कहा गया है।

### पुलिस ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

**श्रीनगर गढ़वाल।** श्रीनगर कोतवाली पुलिस ने गढ़वाल विवि में राजनीतिक शास्त्र विभाग में नशा उन्मूलन को लेकर छात्रों से संवाद किया। इस मौके पर कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक संतोष पैंथवाल ने छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। साथ ही गढ़वाल विवि के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने और ड्राइविंग लाइसेंस की उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों को बिना डीएल के वाहनों को चलाने पर कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया।

## सीएम धामी ने दी आदिवासी नेता बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी आदिवासी भाई-बहनों के अधिकारों को संरक्षित करने एवं उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य के लिये समर्पित 'विश्व आदिवासी दिवस' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि विविधतापूर्ण जनजातीय संस्कृति हमारे समाज की महत्वपूर्ण विरासत है। आदिवासियों की प्रकृति के साथ समन्वय स्थापित कर जीवन जीने



की कला अत्यंत सराहनीय एवं अनुकरणीय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आदिवासी समाज के उत्थान हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध आदिवासी नेता बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर उनका भावपूर्ण स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### विजय रतूड़ी अध्यक्ष और रुचि सचिव बनीं

**पौड़ी।** राजकीय आयुर्वेदिक चकित्सालयों में तैनात योग अनुदेशकों की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में विजय रतूड़ी को अध्यक्ष, रुचि को जिला उपाध्यक्ष, शोभित नेगी को महासचिव, गीता रावत को कोषाध्यक्ष व दीपक सिंह पंवार को मीडिया कोर्डिनेटर बनाया गया। बैठक में 14 योग अनुदेशक पुरुष व महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मनिंदर सिंह नेगी, पदम गुसाईं रावत, शकुंतला नयाल, पदमा पंवार, सुमति राणा, रुचि, लक्ष्मी बुटोला, सरिता देवी, दिलीप रावत, संदीप धनाई, लता रौथाण आदि शामिल रहे।

## लोनिवि के जेई के वेतन रोकने के आदेश

**चमोली।** जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने क्लक्ट्रेट सभागार में ग्राम्य विकास अभिकरण के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत मिशन मोड में काम करते हुए अवशेष निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करें। हिमाच्छादित क्षेत्रों में इसका विशेष ध्यान रखा जाए। मनरेगा के अन्तर्गत लंबित देनदारियों का भुगतान करते हुए प्रतिमाह निर्धारित मानव दिवस सृजन का लक्ष्य हासिल करें। बुधवार को आयोजित बैठक में डीएम ने बीएडीपी के अन्तर्गत बदरीनाथ में चिकित्सा अधिकारियों एवं अन्य विभागीय स्टाफ हेतु ट्रांजिट हास्टल का कार्य समय पर पूर्ण न करने पर लोनिवि के जूनियर इंजीनियर का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत वर्ष 2022-32 स्वीकृत 1804 आवास में से 658 आवास पूर्ण हो गए हैं जबकि 1146 आवास निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। मनरेगा में माह अगस्त तक मानव दिवस सृजन हेतु निर्धारित लक्ष्य 475191 दिवस के सापेक्ष 98.26 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। बीएडीपी के अन्तर्गत 26 कार्यों में से 23 कार्य पूर्ण हुए हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ ललित नारायण मिश्र, परियोजना निदेश-ाक आनंद सिंह सहित सभी ब्लाकों के खंड विकास अधिकारी एवं रेखीय विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता दिवस पर एसडीआरएफ के सात जवान होंगे सम्मानित

**ऋषिकेश।** स्वतंत्रता दिवस पर एसडीआरएफ के सात कर्मचारी सम्मानित होंगे। पर्वतारोहण के क्षेत्र में कीर्तिमान बनाने और उत्कृष्ट कार्यों के लिए यह जवान मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक एवं उत्कृष्ट और सराहनीय सेवा सम्मान से नवाजे जाएंगे। पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड अशोक कुमार ने 15 अगस्त को एसडीआरएफ के सात जवानों को मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक एवं उत्कृष्ट व सराहनीय सेवा सम्मान दिए जाने की घोषणा की है।

## विद्युत कटौती को लेकर लोगों का प्रदर्शन

**ऋषिकेश।** किसानों और आम लोगों ने उर्जा निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। डोईवाला के नगर और ग्रामीण क्षेत्र में हो रही विद्युत कटौती पर लोगों ने कड़ा आक्रोश जताया। लोगों ने एसडीओ कार्यालय में तालाबंदी कर विद्युत कटौती बंद करने की मांग की। बुधवार को डोईवाला के किसान और आम लोग ऊर्जा निगम के एसडीओ कार्यालय में पहुंचे। वहां उन्होंने तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। किसानों ने विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। कहा कि डोईवाला क्षेत्र में आए दिन तीन से चार घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है।

बिजली कटौती की वजह से कारोबारियों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। इसके अलावा पंखे-कूलर और अन्य विद्युत संचालित उपकरणों के काम न करने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह खालसा ने कहा कि क्षेत्र के किसानों को बिजली कटौतीसे परेशानी हो रही है।

## बुल्लावाला के ग्रामीणों ने किया वन विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

**ऋषिकेश।** बुल्लावाला के ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। वे आबादी क्षेत्र में वन्य जीवों के आने से परेशान हैं। उन्होंने प्रदर्शन कर वन्य जीवों की आमद रोकने और ग्रामीणों की क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा देने की मांग की। जंगल से सटे क्षेत्रों में वन्य जीवों का उत्पात थम नहीं रहा है। यहां आए दिन जंगली जानवर ग्रामीणों की फसलों को रौंद रहे हैं। बुधवार को बुल्लावाला के ग्रामीणों ने रामगढ़ रेंज की वन चौकी में पहुंचकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि आए दिन जंगल से निकलकर हाथी खेतों तक पहुंच रहे हैं और फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेंद्र ताड़ियाल और जावेद हुसैन ने कहा कि वन विभाग पूरी तरह लापरवाह बना हुआ है, कई वर्षों से विभाग द्वारा यहां के लोगों को आश्वासन पर आश्वासन दिए जा रहे हैं, लेकिन वन महकमे की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जाती। इसका खामियाजा यहां के किसानों को अपनी फसलों की बर्बादी के रूप में भुगतना पड़ रहा है। यहां लाखों रुपया खर्च कर जंगल किनारे ऊर्जा बाड़ तो लगाई गई है, लेकिन वन विभाग की तरफ से उसकी सही देखरेख न होने की वजह से यह मात्र शोपीस बनकर रह गई है। किसान बैंकों से कर्ज लेकर खेती में खर्च करते हैं। ऐसे में हाथियों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाएं जाने से किसान अपना कर्ज भी चुकता

## वंचित राज्य आंदोलनकारियों को चिन्हित करे सरकार




**ऋषिकेश।** राज्य आंदोलनकारियों ने प्रदेश सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई है। उन्होंने छूटे हुए राज्य आंदोलनकारियों को चिन्हित नहीं करने सहित अन्य मांगों पर कार्रवाई न होने पर आक्रोश जताया। कहा कि प्रदेश सरकार जल्द वंचित राज्य आंदोलनकारियों को चिन्हित करे। बुधवार को नगर निगम परिसर स्थित स्व. इंद्रमणि बडोनी हाल में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने बैठक की। राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य आंदोलनकारियों की उपेक्षा की जा रही है। राज्य गठन के 23 साल बाद भी उन्हें उनका हक नहीं मिल पाया है। आए दिन राज्य आंदोलनकारियों को अपनी मांगों के लिए आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ता है। उन्होंने छूटे हुए राज्य आंदोलनकारियों को चिन्हित करने, 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने, प्रदेश में भू कानून बनाने आदि मांगों पर कार्रवाई करने की मांग की।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड, वोटर कार्ड एवं पैन कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम उदय राम पुत्र राजाराम दर्ज है तथा मेरे कुछ दस्तावेजों में भूलवश मेरा नाम उदय राम भट्ट पुत्र राजाराम दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही एवं वास्तविक नाम उदय राम पुत्र राजाराम है। भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम उदय राम पुत्र राजाराम से ही जाना/पहचाना जाय।

**उदय राम पुत्र राजाराम निवासी ग्राम झण्डीचौड़ पूर्वी, पोस्ट झण्डीचौड़, पट्टी मोटाढाक, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

सम्पादकीय

# राहुल की हरकत पर बवाल

मोदी सरनेम मामले में दो साल की सजा पर रोक लगने के बाद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहल हुई और आज पूरे जोश के साथ राहुल गांधी सदन में पहुंचे। अविश्वास प्रस्ताव पर उन्होंने दमदार भाषण देते हुए सरकार को कटघरे में खड़ा किया। हालांकि सदन में उनकी एक हरकत एक बार फिर सुर्खियों का केंद्र बन गई जिसमें उन्होंने भाजपा महिला नेताओं की ओर देखते हुए "फ्लाइंग किस" जैसा इशारा किया और इसी पर सदन के अंदर और बाहर हंगामा मच गया। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि राहुल गांधी ने अपनी हरकतों से सदन में हंगामा बरपाया हो। इससे पहले भी वह आंख मारते हुए सदन में नजर आए हैं तो कभी प्रधानमंत्री के स्थान पर जाकर उन्हें गले लगाने जैसी हरकतें भी कर चुके हैं। इस अविश्वास प्रस्ताव पर चल रही बहस के दौरान कहीं ना कहीं सत्ता पक्ष को भी कुछ ऐसा चाहिए था जिससे वह राहुल गांधी व विपक्ष को आड़े हाथों ले सके, लिहाजा राहुल गांधी ने बैठे बिठाए ही अपनी "फ्लाइंग किस" की हरकत से सत्ता पक्ष को दहाड़ने का अवसर दे दिया। सवाल यह उठता है कि सदन में सदस्यों का आचरण कैसा होना चाहिए? हालांकि सदन कि अपनी एक गरिमा है और उसी के तहत सदस्यों को आचरण भी करना चाहिए लेकिन अक्सर सदन में सरकार हो या विपक्ष इस प्रकार के कारनामे होते आए हैं जिससे सदन की गरिमा को ठेस पहुंचती है। भूलना नहीं चाहिए कि इसी सदन में जहां आज राहुल गांधी के फ्लाइंग किस को लेकर हंगामा हो रहा है वहीं कभी सरकार गिराने की नाम पर नोट उड़ाए जाने की भी हरकतें हो चुकी हैं। निश्चित तौर पर सदन को बेहद अनुशासित ढंग से संचालित होना चाहिए लेकिन अक्सर सदस्य गरिमा को भूल कर ओछी हरकतें कर बैठते हैं। सदन के दौरान किसी सदस्य द्वारा भाषण दिए जाने पर टोका टोकी और टीका टिप्पणियां भी सदन की कार्रवाई को बाधित करने का ही एक हिस्सा है और यह कार्य बेहिचक तौर पर सदन की कार्रवाई के दौरान नजर आता है। जैसी की उम्मीद थी राहुल गांधी ने सरकार के खिलाफ लोकसभा में अब तक का सबसे तल्ख भाषण दिया। मणिपुर में भारत माता की हत्या हो जाने के आरोप लगाए। अदानी का जिक्र करने से भी वो पीछे नहीं रहे। राहुल के भाषण में लद्दाख से लेकर मणिपुर तक का जिक्र हुआ तो उनके पूरे भाषण के दौरान सत्ता पक्ष की ओर से टिप्पणियां भी जारी रही। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में पहली बार अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया है और विपक्ष के पास शायद राहुल से ज्यादा प्रखर नेता सदन में था भी नहीं। सदन में किसी भी बहस का दायरा अलग अलग हो सकता है लेकिन सदन के अंदर की जाने वाली हरकतें अनुशासन एवं गरिमा के दायरे में होनी चाहिए। सदन के प्रत्येक सदस्य को इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि सदन की गरिमा उनकी हरकतों के कारण खंडित ना होने पाए। अति जोश में राहुल गांधी कई बार ऐसी हरकतें कर ही बैठते हैं जो कांग्रेस और विपक्ष के लिए कटाक्ष का कारण बनती हैं। राजनीतिक क्षेत्र में राहुल गांधी निश्चित तौर पर परिपक्व होते नजर आ रहे हैं लेकिन अभी भी उन्हें खास मौकों पर अधिक सजग एवं प्रखर होने के साथ–साथ संयमित होने की भी जरूरत है।

# नड्डा को काम का बंटवारा करना है



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने कार्यकाल का विस्तार होने के छह महीने बाद अपनी टीम का गठन किया। उन्होंने पिछले दिनों 38 सदस्यों की अपनी टीम की घोषणा की। लेकिन काम का बंटवारा नहीं किया। यह अलग बात है कि नई टीम ज्यादातर पुराने सदस्यों को रखा गया है। फिर भी कई कारणों से काम का बंटवारा जरूरी है। अगले तीन–चार महीने में राज्यों में होने वाले चुनाव और अगले साल के लोकसभा चुनाव के हिसाब से भी काम का बंटवारा जरूरी है। लेकिन यह इसलिए भी जरूरी है कि जो पदाधिकारी हटे हैं उनका काम किसी को नहीं दिया गया है और कुछ पदाधिकारी पहले से निष्क्रिय हैं, उन्हें नई जिम्मेदारी देने की जरूरत है।

मिसाल के तौर पर पार्टी की महासचिव डी पुरंदेश्वरी को आंध्र प्रदेश का अध्यक्ष बना दिया गया है। सो, महासचिव के नाते उनके पास जो जिम्मेदारी थी उसे किसी दूसरे महासचिव को देना होगा। ऐसे ही सीटी रवि को महासचिव पद से हटा दिया गया है। उनको कर्नाटक का अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा है। उनके पास भी जो प्रभार था वह किसी को देना होगा। राधामोहन सिंह पार्टी के उपाध्यक्ष थे और उत्तर प्रदेश के प्रभारी थे। अब किसी अन्य वरिष्ठ नेता को उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाया जाना है। कैलाश विजयवर्गीय फिर से पार्टी के महासचिव बनाए गए हैं। वे पश्चिम बंगाल के प्रभारी थे लेकिन विधानसभा चुनाव के बाद उनकी सक्रियता शून्य हो गई थी। वे अब बंगाल नहीं जाते हैं। एक तरह से पश्चिम बंगाल बिना प्रभारी के ही है। प्रदेश के नेता खासतौर से तृणमूल कांग्रेस से आकर भाजपा विधायक दल के नेता बने शुभेंदु अधिकारी ही सब कुछ संभाल रहे हैं। संगठन महासचिव सहित कुल नौ महासचिव बनाए गए हैं, जिनमें से दो नए चेहरे हैं– बंदी संजय कुमार और राधामोहन अग्रवाल। इन दोनों को भी किसी न किसी राज्य की जिम्मेदारी देनी है।

वे हिंदुत्व और राष्ट्रवाद दोनों की राजनीति का चेहरा बने हैं। उनको मजबूत व निर्णायक नेतृत्व का प्रतीक माना जाता है। वे पिछड़ी जाति से आते हैं और परिवार की पृष्ठभूमि गरीब रही है। इस बात का प्रचार करने में उनको कोई हिचक नहीं होती है। उनके मुकाबले राहुल गांधी की छवि अभिजात्य है। उनको भाजपा के नेता फोर जी यानी चौथी पीढ़ी का परिवारवादी नेता बताते हैं। उनकी भारत जोड़ो यात्रा के बाद उनको पप्पू की तरह पेश किया जाना बंद हुआ है इसके बावजूद एक रिलक्टेंट नेता की उनकी छवि पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है। सो, अभी के समय में मुकाबले दीये और तूफान का दिखेगा। हालांकि फिर वही बात है कि भारत में अंडरडॉग के साथ सहानुभूति होती है और दीया जलाए रखने वाला अंततः जीत हासिल करता है। लेकिन वह बाद की बात है। अभी नरेंद्र मोदी के मुकाबले राहुल की बात होगी तो पलड़ा मोदी की ओर झुका हुआ दिखेगा।

राहुल को राजनीति की केंद्रीय ताकत बनाने में दूसरा जोखिम यह है कि विपक्षी पार्टियों के बीच तनाव बढ़ सकता है। ध्यान रहे विपक्ष के गठबंधन 'इंडिया' से जुड़ी कई पार्टियों के नेता अपने को दावेदार मानते हैं। कई नेता बुजुर्ग हैं और उनके लिए अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने का यह आखिरी मौका दिख रहा है।

# अब फिर राहुल की राजनीति होगी



**अजीत द्विवेदी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि मामले में दो साल की सजा होने और लोकसभा के लिए अयोग्य घोषित किए जाने के बाद उनको लेकर दो तरह से विचार किया जा रहा था। एक, अगर उनकी सजा पर रोक नहीं लगती है और वे अगला चुनाव नहीं लड़ पाते हैं तो क्या होगा? दो, सजा पर रोक लग जाती है, लोकसभा की सदस्यता बहाल हो जाती है और अगला चुनाव लडऩे का रास्ता साफ हो जाता है तब क्या होगा? कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों के कई नेता मान रहे थे कि अगर राहुल की सजा बरकरार रहती है और वे चुनाव नहीं लड़ पाते हैं तो वह स्थिति ज्यादा बेहतर होगी क्योंकि तब राहुल को पूरे देश में विक्टिम की तरह पेश किया जा सकेगा, जैसे अरविंद केजरीवाल बात बात पर खुद को विक्टिम बना कर पेश करते रहते हैं। ध्यान रहे पीड़ित और कमजोर के साथ हमेशा इस देश के लोगों की सहानुभूति होती है।

राहुल ने भी खुद को विक्टिम की तरह पेश करना शुरू कर दिया था। वे पिछले दिनों हरियाणा के किसानों से मिले तो महिला किसानों ने उनका घर देखने की इच्छा जताई, जिस पर उन्होंने कहा कि उनके पास दिल्ली में घर नहीं है। सरकार ने उनका घर छीन लिया है। दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके में घर तलाशने और संदीप दीक्षित का घर किराए पर लेने की खबर भी राहुल को विक्टिम बता कर पेश करने की रणनीति का ही एक हिस्सा था। बहरहाल, घर का मामला एक छोटा मामला है। उनके विक्टिम होने को बहुत बड़ा बता कर चुनाव में पेश किया जा सकता था। सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने के आरोप तो लगते ही यह भी आरोप लगता कि नरेंद्र मोदी चुनाव में राहुल गांधी से घबरा रहे थे इसलिए उनको लडऩे के अयोग्य कराया गया। इससे कांग्रेस को फायदा होता। विपक्षी राजनीति को दूसरा फायदा यह होता कि राहुल गांधी अपने आप प्रधानमंत्री पद की होड़ से बाहर हो जाते। वे अगर विपक्ष का चेहरा रहते भी तो वह चेहरा सत्ता से निर्लिप्त जयप्रकाश नारायण जैसे किसी नेता का चेहरा होता।

लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी सजा पर रोक लगा दी है और अब उनके लोकसभा का चुनाव लडऩे का रास्ता भी साफ हो गया है। उनको फिर से बड़ा घर भी मिल जाएगा। सो, विक्टिम कार्ड समाप्त हो गया। तभी सवाल है कि अब आगे क्या? क्या कांग्रेस ने इस स्थिति के लिए कोई योजना बनाई है कि सजा पर रोक लगने के बाद राहुल को विपक्ष की राजनीति में किस तरह से प्लेस करना है? ध्यान रहे राहुल गांधी को सक्रिय राजनीति में 20 साल होने जा रहे हैं लेकिन पिछले एक साल में वे एक बड़ा राजनीतिक व्यक्तित्व बन कर उभरे हैं। उनकी साढ़े तीन हजार किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा ने उनके व्यक्तित्व और उनकी राजनीति को निखारा है। कांग्रेस को इसका चुनावी लाभ भी मिला है। भारत जोड़ो यात्रा में उठाए गए मुद्दों और उन मुद्दों पर दुनिया के दूसरे देशों में जाकर राहुल ने अपनी जो राय रखी है उसने उनको भाजपा की राजनीति के सबसे मजबूत विकल्प के तौर पर पेश किया है। विपक्ष की ओर से भाजपा पर विभाजनकारी राजनीति करने और संघवाद की धारणा पर चोट करने के आरोप लगाए जाते रहे हैं। भाजपा की इस राजनीति के कंट्रास्ट के रूप में राहुल गांधी उभरे हैं। नफरत की राजनीति के बरक्स मोहब्बत की दुकान की राहुल की राजनीति स्वाभाविक रूप से उनको भाजपा के खिलाफ विपक्ष का चेहरा बनाती है।

परंतु इस राजनीति में जोखिम भी हैं। पहला जोखिम तो यह है कि अगर कांग्रेस राहुल गांधी को वैकल्पिक राजनीति का चेहरा बनाती है तो मुकाबला नरेंद्र मोदी बनाम राहुल का बनेगा। पिछले नौ–दस साल में नरेंद्र मोदी की छवि विश्वगुरू वाली बनाई गई है। जी–20 देशों की बैठक से उनकी यह छवि और मजबूत होगी। वे हिंदुत्व और राष्ट्रवाद दोनों की राजनीति का चेहरा बने हैं। उनको मजबूत व निर्णायक नेतृत्व का प्रतीक माना जाता है। वे पिछड़ी जाति से आते हैं और परिवार की पृष्ठभूमि गरीब रही है। इस बात का प्रचार करने में उनको कोई हिचक नहीं होती है। उनके मुकाबले राहुल गांधी की छवि अभिजात्य है। उनको भाजपा के नेता फोर जी यानी चौथी पीढ़ी का परिवारवादी नेता बताते हैं। उनकी भारत जोड़ो यात्रा के बाद उनको पप्पू की तरह पेश किया जाना बंद हुआ है इसके बावजूद एक रिलक्टेंट नेता की उनकी छवि पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है। सो, अभी के समय में मुकाबले दीये और तूफान का दिखेगा। हालांकि फिर वही बात है कि भारत में अंडरडॉग के साथ सहानुभूति होती है और दीया जलाए रखने वाला अंततः जीत हासिल करता है। लेकिन वह बाद की बात है। अभी नरेंद्र मोदी के मुकाबले राहुल की बात होगी तो पलड़ा मोदी की ओर झुका हुआ दिखेगा।

राहुल को राजनीति की केंद्रीय ताकत बनाने में दूसरा जोखिम यह है कि विपक्षी पार्टियों के बीच तनाव बढ़ सकता है। ध्यान रहे विपक्ष के गठबंधन 'इंडिया' से जुड़ी कई पार्टियों के नेता अपने को दावेदार मानते हैं। कई नेता बुजुर्ग हैं और उनके लिए अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने का यह आखिरी मौका दिख रहा है। सो, उनको राहुल गांधी का नेतृत्व स्वीकार करने के लिए समझाना आसान नहीं होगा। ध्यान रहे पिछले दिनों महाराष्ट्र में एनसीपी टूटी तो यह कहा गया है कि एनसीपी के कई नेता नहीं चाहते थे कि शरद पवार जैसा बड़ा मराठा नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में काम करे। हो सकता है कि इस बात में सचाई न हो लेकिन यह तब की बात है, जब राहुल की सजा कायम थी और उनके नेता बनने की कहीं कोई चर्चा नहीं हो रही थी। अगर अब कांग्रेस उनको नेता बनाने की पहल करती है तो उससे निश्चित रूप से विपक्षी पार्टियों के साथ टकराव की स्थिति बनेगी। अपनी निजी महत्वाकांक्षा के अलावा विपक्ष के ज्यादातर नेता इस बात को मानते हैं कि राहुल के चेहरे पर मोदी से मुकाबला मुश्किल होगा।

सो, कायदे से कांग्रेस को यथास्थिति बनाए रखनी चाहिए। यानी गठबंधन के बाकी नेताओं की तरह ही राहुल गांधी भी सामूहिक नेतृत्व में काम करें। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े और दूसरे विपक्षी नेताओं को पर्याप्त महत्व व सम्मान मिले। यह ध्यान रखने की बात है कि 'इंडिया' से जितने भी नेता जुड़े हैं उनका अपने राज्य में बहुत मजबूत असर है और उनमें से ज्यादातर नेताओं ने अपने राज्य में नरेंद्र मोदी के होने के बावजूद भाजपा को हराया है। कई विपक्षी पार्टियां अपने असर वाले राज्य में भाषायी अस्मिता की राजनीति करती हैं, जिससे मोदी और भाजपा के लिए मुश्किल होती है। कई राज्यों में मंडल की राजनीति दोहराने का प्रयास हो रहा है, जिससे भाजपा की मंदिर राजनीति कमजोर पड़ती है। इसलिए विपक्ष के लिए कोई एक चेहरा चुनना वैसे भी बड़ी रणनीतिक गलती हो जाएगी। सो, कांग्रेस और उसके नेताओं को अति उत्साह में आकर राहुल गांधी को प्रोजेक्ट या सबके ऊपर उनको थोपने की राजनीति से बचना चाहिए। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि नरेंद्र मोदी को चुनौती देने वाले नेता की जो छवि राहुल गांधी की बनी है, उसका लाभ जरूर उठाया जाए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राहुल को मोदी को हरा देने वाले नेता के तौर पर देखा जा रहा है। उनकी इस छवि को भुनाने की रणनीति अगर सभी पार्टियां मिल कर बनाती हैं तो वह 'इंडिया' के लिए आदर्श स्थिति हो सकती है।

# क्या इमरान हो गए क्लीन बोल्ड?

**श्रुति व्यास**



इमरान खान एक हर–दिल–अज़ीज़ शख्शियत के मालिक हैं झ या कम से कम थे।उन्होने बतौर क्रिकेटर पूरी दुनिया का मनोरंजन किया और दर्शको का दिल जीता।वे महिलाओं में विशेष लोकप्रिय थे और उनकी छवि एक लेडीकिलर और प्लेबॉय की थी।पाकिस्तान के लिए वे ऐसा हीरा थे जिसने उस देश को पहली और आखिरी बार क्रिकेट वर्ल्ड कप में जीत दिलवाई। यही कारण था कि जब वे राजनीति के अखाड़े में उतरे तब उनके पास पहले से ही समर्थकों की विराट फौज तैयार थी। अपने नए अवतार में वे एक प्रभावी वक्ता के रूप में उभरे जो लोगों को मोह भी सकता था और उनमें गुस्सा और जुनून भी भर सकता था। सियासतदां के रूप में इमरान खान अपनी अति धार्मिकता और अतिवादी विचारों के लिए जाने जाते थे। यहां तक कि उन्हें तालिबान खान कहा जाने लगा था। पत्रकार उनका मजाक बनाते थे और राजनीति के मैदान के पुराने खिलाड़ी उन्हें गंभीरता से लेने को तैयार नहीं थे।उन्होंने अपनी खुद कीपार्टी बनाई जिसके हाथ 'नए पाकिस्तान'का नारा लग गया और अंततः वे देश के प्रधानमंत्री बन गए।

परंतु जितनी तेजी से उनका उत्थान हुआ था उतनी ही तेजी से उनका पतन भी हुआ।पिछले अप्रैल में एक अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग के बाद उन्हें अपना पद छोडऩा पड़ा। उनकी खिलाफत में सभी विपक्षी पार्टियां एक हो गईं थीं। फिर नवंबर में एक रैली में उनके काफिले पर एक बंदूकधारी ने गोलियां दागीं। उनके समर्थकों का कहना था कि यह दरअसल उन्हें जान से मारने की साजिश थी। बहरहाल, गोलियां उनके पैर में ही लगीं। उनपर भ्रष्टाचार के कई आरोप थे और अदालतों में सुनवाईयां चल रहीं थीं। परंतु इस सबके बाद भी वे अविचलित थे। उन्होंने सेना के खिलाफ जो नैरेटिव बनाया वह लोगों को ठीक लगा। वे पाकिस्तान में मकबूल बने रहे।

परंतु इस शनिवार उनकी उम्मीदें धूल में मिल गईं। भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें तीन साल कैद की सजा सुनाई गई और पांच साल के लिए राजनीति में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया। पुलिस ने बिना देरी किए लाहौर में उनके घर से इमरान को हिरासत में ले लिया। इस गिरफ्तारी के साथ ही वे देश में अगले नवंबर में होने वाले आमचुनाव में उम्मीदवार बनने के लिए अपात्र हो गए हैं।वैसे तो पहले भी इसमें कोई शक नहीं था परंतु अब एक बार फिर यह साफ हो गया है कि पाकिस्तान पर सेना का पूरा नियंत्रण है और वहां की सरकार की ताकत का स्त्रोत सेना ही है। और चाहे लोग सेना की कितनी ही खिलाफत करें यह स्थिति बदलने वाली नहीं है।

अपनी गिरफ्तारी के बाद भी इमरान खान शांत नहीं बैठे। उन्होंने एक वीडियो वक्तव्य में कहा कि उनकी राजनीति दरअसल पाकिस्तान की आत्मा को आजाद कराने की राजनीति है। उन्होंने कहा, ''आपके लिए बस मेरी एक अपील है।चुपचाप बैठे मत रहिए। अपने घर में छुपे मत रहिए। मैं यह संघर्ष अपने लिए नहीं कर रहा हूं। मैं यह संघर्ष आपके लिए और आपके बच्चों के भविष्य के लिए कर रहा हूं।"

इस गिरफ्तारी के साथ ही सेना और इमरान के बीच चूहा–बिल्ली का खेल खत्म हो गया है। अब सवाल यह है कि क्या 70 साल के इमरान चुप बैठ जाएंगे। क्या हम यह मान लें कि राजनीति के क्रिकेट मैच में उन्हें क्लीन बोल्ड कर दिया गया है।

अपनी गिरफ्तारी से कुछ समय पहले अल जजीरा के साथ एक इंटरव्यू में इमरान गरज रहे थे,"किसी भी ऐसे विचार जिसका समय आ गया है को आप रोक नहीं सकते। आप चुनाव सर्वे देखें। पीटीआई (इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ) को 70 प्रतिशत मतदाता पसंद कर रहे हैं। इस तरह की लोकप्रियता किसी दूसरी पार्टी को हासिल नहीं है। जो कुछ हो रहा है यह पागलपन है"।

इसमें कोई संदेह नहीं कि इमरान के समर्थकों की संख्या बहुत बड़ी है। लोगों को उनसे सहानुभूति है। लोग उन्हें चाहते हैं। भले ही उनकी खुद की पार्टी के नेता उन्हें छोडक़र चले गए हों परंतु आम पाकिस्तानी अभी भी उन पर श्रद्धा रखते हैं और जनता में उनका इतना प्रभाव तो है ही कि वे पाकिस्तान के 'सामान्य हालातों'को असामान्य बना सकते हैं। परंतु यह भी सच है कि पाकिस्तान का इतिहास राजनैतिक पतन का इतिहास रहा है। सभी निर्वाचित प्रधानमंत्री अंततः जेल पहुंचे और सेना ने यह सुनिश्चित किया कि उसके बाद वे फिर कभी राजनीति में वापिस नआ पाएं। इसके विपरीत चारों सैनिक तानाशाहों झ अयूब खान, याह्या खान, जिया–उल–हक और परवेज मुशर्रफ झ में से एक को भी चुनी हुई सरकार का तख्ता पलटने और संविधान का उल्लंघन करने के लिए किसी अदालत का सामना नहीं करना पड़ा।

निःसंदेह इमरान के पास अपनी सजा के खिलाफ अपील करने का हक है और यह भी हो सकता है कि उन्हें कुछ राहत मिल जाए। परंतु सेना को उनका जो नुकसान करना था वह कर चुकी है। इमरान के लिए राजनीति में वापसी के दरवाजे धीरे–धीरे बंद किए जा रहे हैं। आने वाले समय में पाकिस्तान की डरी–सहमी नागरिक संस्थाएं, जो सेना के इशारों पर नाचती हैं, राजनीति में वापस आने के उनके सारे रास्ते बंद कर देंगीं। मजे की बात यह है कि शहबाज शरीफ की सरकार भी पीटीआई को विघटित करने का समर्थन कर रही है और इमरान की गिरफ्तारी को इंसाफ की जीत बता रही है। यह सेना के इशारे पर हो रहा है या इसके पीछे शहबाज शरीफ की मौकापरस्ती मात्र है, यह कहना मुश्किल है। सरकार ने यह भी कहा है कि देश में जल्द से जल्द राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता कायम की जानी चाहिए।

परंतु राजनैतिक और आर्थिक स्थिरता पाकिस्तान के लिए एक सपना ही बना रहेगा। पाकिस्तान में जल्द ही गृहयुद्ध शुरू हो सकता है। पहले ही से अराजक माहौल को इमरान खान के समर्थक और अराजक बनाएंगे। नवंबर में होने वाले चुनाव एक दिखावा भर होंगे और जनरल ही यह तय करेंगे कि अस्थिर पाकिस्तान पर किसकी अस्थिर सरकार का अस्थिर शासन रहेगा। जनरल राजनीति में लगातार दखल देते रहे हैं और इमरान खान द्वारा इस मसले को बार–बार उठाए जाने के कारण वे पाकिस्तान के लोगों के गुस्से के निशाने पर हैं। वे देश के दुश्मन नंबर 1 बन गए हैं। जहां तक खान का सवाल है उन्हें क्रिकेट वर्ल्ड कप पाकिस्तान लाने के अलावा उम्मीद की लहरों पर सवार गृहयुद्ध पाकिस्तान को भेंट करने के लिए भी याद किया जाएगा।

# त्वचा की देखभाल के लिए घर पर बनाएं नारियल तेल से फेस मास्क, जानिए प्रक्रिया



हर किसी की ख्वाहिश होती है कि उसकी त्वचा स्वस्थ और चमकदार रहे और इसके लिए त्वचा की देखभाल करना बहुत जरूरी है।इसके लिए नारियल तेल से फेस मास्क बनाकर इस्तेमाल किया जा सकता है।शोध में पाया गया है कि नारियल तेल से बने फेस मास्क त्वचा के लिए बेहतरीन तरीके से काम करते हैं।आइये आज घर पर नारियल तेल से फेस मास्क बनाने का तरीका और इसके इस्तेमाल से होने वाले फायदे बताते हैं।

नारियल तेल और शहद का फेस मास्क

फेस मास्क बनाने का तरीकाः सबसे पहले कटोरी में एक चौथाई चम्मच कप शिया बटर और इसी मात्रा में नारियल तेल डालकर दोनों को पिघला लें। अब इसमें एक बड़ी चम्मच कच्चा शहद मिलाकर अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण को पूरे चेहरे पर लगाएं और कम–से–कम आधे घंटे के बाद पानी से धो लें।फायदेः इसमें एंटी–माइक्रोबिलय और एंटी–फंगल गुण होते हैं, जो बैक्टीरिया को मारते हैं और त्वचा को स्वस्थ रखते हैं। यह त्वचा को मॉइस्चराइज भी करता है।

नारियल का तेल और टी ट्री ऑयल का फेस मास्क

फेस मास्क बनाने का तरीकाः सबसे पहले एक कटोरी में एक बड़ी चम्मच नारियल का तेल और टी ट्री ऑयल की 2–3 बूंदें डालकर अच्छे से मिला लें। आप इसे ज्यादा मात्रा में मिलाकर एक बोतल में भी भरकर रख सकते हैं और फिर रात में सोने से पहले इसे चेहरे पर लगाकर छोड़ दें।फायदेः इन दोनों सामग्रियों में एंटी–सेप्टिक और उपचार गुण होते हैं। इसे लगाने से अगले दिन आपको चमकदार त्वचा मिलती है।

नारियल का तेल और हल्दी का फेस मास्क

फेस मास्क बनाने का तरीकाः सबसे पहले 3 बड़ी चम्मच नारियल तेल में आधी चम्मच हल्दी पाउडर, आधी चम्मच नींबू का रस और एक बड़ी चम्मच शहद मिलाएं। अब इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और करीब 20 मिनट बाद धो लें।फायदेः हल्दी में एंटी–सेप्टिक गुण होते हैं, जो त्वचा के दाग–धब्बों से छुटकारा दिलाने में मदद करते हैं। इससे आपकी त्वचा चमकदार और साफ बनी रहती है।

नारियल तेल और बेकिंग सोडा का फेस मास्क

फेस मास्क बनाने का तरीकाः सबसे पहले एक कटोरी में एक बड़ी चम्मच नारियल का तेल और एक चम्मच बेकिंग सोडा को मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस फेस मास्क को अपने चेहरे पर लगाकर 10 मिनट तक उंगलियों से धीरे–धीरे मसाज करें।फायदेः यह फेस मास्क क्लींजर की तरह काम करता है। यह रोमछिद्रों से गंदगी और मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाता है और चेहरे को चमकदार बनाता है।

नारियल तेल और कॉफी का फेस मास्क

फेस मास्क बनाने का तरीकाः सबसे पहले एक चम्मच नारियल का तेल और एक चम्मच कॉफी पाउडर को मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इसे अपने चेहरे पर लगाकर करीब 15 मिनट तक उंगलियों से गोलाकार गति में धीरे–धीरे मालिश करें। इसके बाद गुनगुने पानी से धो लें।फायदेः ये दोनों सामग्री एंटी–ऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जो आपकी त्वचा को हानिकारक मुक्त कणों से बचाते हैं। यह कोलेजन के उत्पादन को भी बढ़ाता है और त्वचा को चमकदार बनाता है।

## बाहरी मजदूरों और व्यापारियों के सत्यापन की मांग की

**रुद्रप्रयाग।** विहिप ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर बाहरी क्षेत्रों से जनपद में कार्य कर रहे लोगों का सघन सत्यापन करने की मांग की। जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में परिषद के कार्यकर्ताओं का कहना है कि जनपद में बाहरी व्यक्तियों द्वारा फड़, फेरी, कबाड़ी, मजदूरी व व्यापार का कार्य किया जा रहा है। जिनका पूर्ण रुप से सघन सत्यापन जरूरी है। बाजार में बेसहारा पशुओं के लिए गोशाला निर्माण के लिए नए स्थान पर भूमि का चयन किया जाए। जिसका संचालन विहीप के हाथों में दिया जाए। साथ ही बेसहारा पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जनपद में स्थित मीट की दुकानों का सत्यापन, पंजीकरण व वधशाला का निर्माण करने व मीट की दुकानों में साफ सफाइ के लिए खाद्य निरीक्षक को निर्देशित करने की मांग की। उन्होंने रुद्रप्रयाग नगर क्षेत्र में हाईवे के फुटपाथों, पैदल मार्गों और नाली के ऊपर लगे हुए फड़ की दुकानों को हटाने की मांग की है। इस मौके पर विहीप के जिलाध्यक्ष भरत सिंह रावत, उपाध्यक्ष राजेश सेमवाल, अवधेश कप्रवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## बारिश से 22 सड़कें बाधित

**नई टिहरी।** टिहरी जिले में बुधवार को बारिश से 22 सड़कें बाधित रही। बाधित सड़क मार्गों में भेलुंता हलेथ, घुत्तु गुंगी, घनसाली घुत्तु कोठार, आरकेके सतेंगल, हिंडोलाखाल शिवपुरी कुरीखाल, नरेन्द्रनगर नीर, हिंडोलाखाल भैसर्क, कौडियाल गंगलासी, रामपुर श्यामपुर बौठ, झाला कोटी, बुढ़ाकेदार तोली, कठूड़ चांजी, कर्णादेवी धौड़ीकीधार,मिश्रवाण गांव थाला, देवलधार चमोलगांव, अदवाणी बेरनी रौंदेली, शिवपुर देखला, गुलर भगवासेरा, कैंपटी चडोगी, लालपुल भुत्सी, मसराना किमोई ग्रामीण सड़क मार्ग के साथ लक्ष्मोली हिसरियाखाल जामणीखाल एसएच बाधित हैं।

भर्ती पूर्व प्रशिक्षण 21 अगस्त से शुरू

**नई टिहरी।** पूर्व सैनिक एवं सैनिक विधवाओं के पुत्रों को सेना, अर्द्धसैनिक और पुलिस बल में भर्ती के लिए आगामी 21 अगस्त से 14 अक्तूबर तक निःशुल्क भर्ती पूर्व प्रशिक्षण देहरादून में संचालित किया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी योगेंद्र कुमार ने बताया कि जनपद टिहरी के इच्छुक युवा अभ्यर्थी 18 अगस्त तक जिला सैनिक कल्याण एंव पुनर्वास कार्यालय नई टिहरी में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विभाग में संपर्क कर सकते हैं।

## धूमधाम से मनाया जाएगा 45 वां स्थापना दिवस

**चमोली।** डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रबंधन ने अपना 45वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने मामले में महाविद्यालय के संस्थापक सदस्यों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से वार्ता करते हुए मामले में तैयारियां करने की बात कही। प्रो. केएल तलवाड़ ने महाविद्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि महाविद्यालय में शैक्षणिक माहौल को बेहतर करने के लिए छात्रवृत्ति दिए जाने की तैयारी हो रही है। वहीं नैक टीम के निरीक्षण के लिए सभी विभाग तैयारी कर रहे हैं। प्राचार्य ने बताया कि स्नातक स्तर पर व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के संचालन को लेकर विभाग और शासन से वार्ता की जाएगी। साथ ही महाविद्यालय में इग्नू पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए आवेदन किया गया है। इस मौके पर महाविद्यालय के संस्थापक सदस्य भुवन नौटियाल, भगवती प्रसाद थपलियाल, डा. एमएस कंडारी, डा. आरसी भट्ट आदि मौजूद थे।

# बीएससी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश को पहली वरीयता सूची जारी

**श्रीनगर गढ़वाल।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में नूतन सत्र 2023–24 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत बीएससी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए प्रवेश समिति ने सीयूईटी परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर पहली वरीयता सूची घोषित कर दी है। इस सूची में शामिल सभी छात्र–छात्राओं को 9 अगस्त से 17 अगस्त तक ऑनलाइन माध्यम से समर्थ पोर्टल में अपनी यूजर आईडी द्वारा फीस जमा कर अपना अस्थायी प्रवेश सुनिश्चित करना होगा।

प्रवेश समिति के संयोजक प्रो.एससी सती ने बताया कि फीस जमा करने के बाद विवि की वेबसाइट से प्रवेश फार्म डाउनलोड कर एवं उसको पूर्ण रूप से भर कर विवि के संकाय अध्यक्ष कार्यालय बिड़ला परिसर श्रीनगर में प्रवेश समिति के समक्ष शैक्षिक एवं आरक्षण प्रमाण पत्रों को भौतिक रूप से सत्यापित कराना होगा। कहा छात्रों को अपने प्रवेश फार्म के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानांतरण प्रमाण पत्र, प्रवजन प्रमाण पत्र की मूल प्रतियां सलंग्न करनी होंगी। प्रवेश फार्म आवश्यक रूप से 18 अगस्त तक डीन कार्यालय में जमा करने होंगे। कहा फार्म में अंकित किसी भी प्रकार की गलत सूचना एवं प्रमाण पत्रों के असत्य पाए जाने की स्थिति में उसका प्रवेश स्वतः ही निरस्त माना जाएग। प्रमाण पत्रों के भौतिक सत्यापन से पहले सभी छात्र–छात्राओं का प्रवेश नितांत अस्थायी होगा।

बायो और मैथ्स ग्रुप में 1302 छात्रों को मिलेगा प्रवेश

श्रीनगर गढ़वाल। बीएससी प्रथम सेमेस्टर में बिड़ला परिसर में पहली वरीयता सूची के आधार पर 1302 छात्र–छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। इस सूची में बायो ग्रुप में 714 और मैथ्स ग्रुप में 588 छात्र–छात्राओं को शामिल किया गया है। प्रवेश समिति के संयोजक प्रो. एससी सती ने बताया कि 4 अगस्त तक जितने छात्रों ने प्रवेश के लिए पंजीकरण कराया था उन सभी को पहली सूची में स्थान दिया गया है। कहा बायो ग्रुप में अनारक्षित वर्ग की 441,ओबीसी की 107, एससी की 109, एसटी की 14 व ईडब्लूएस की 43 सीटों पर प्रवेश होगा। जबकि मैथ्स ग्रुप में 588 सीटों में अनारक्षित वर्ग की 339, ओबीसी की 130, एससी की 59, एसटी की 8 व ईडब्लूएस की 52 सीटों पर प्रवेश मिलेगा।

## गौरीकुंड में सप्ताह भर में दूसरी घटना ने सभी को झकझोरा

**रुद्रप्रयाग।** गौरीकुंड में एक सप्ताह के भीतर हुई दूसरी घटना ने सबको झकझोर दिया है। बीते 3 अगस्त की रात्रि गौरीकुंड में भूस्खलन से तीन दुकानें ध्वस्त हो गई थी जिनमें 3 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 20 लोग अब भी लापता है। वहीं मंगलवार रात्रि गौरी गांव के नीचे हुई घटना में दो बच्चों की दर्दनाक मौत हुई है।केदारघाटी में कई दिनों से मूसलाधार बारिश हो रही है। ऐसे में जहां भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही है वहीं नदी और नाले भी उफान पर हैं। मंदाकिनी नदी के उफान पर होने से कई बार रेस्क्यू में जवानों को मुश्किलें हो रही है। वहीं गदेरे और नाले भी उफान पर हैं। बीती रात गौरी गांव में जोरदार बारिश हुई जिससे गांव के नीचे खेतों में झोपड़ी में रह रहे नेपाली परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया।

## कैबिनेट मंत्री सुबोध ने अधिकारियों को लगाई फटकार

**नई टिहरी।** कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने नरेन्द्रनगर में निर्माणधीन नगर पालिका के दो मंजिला भवन के साथ समीप में बन रहे ऑडिटोरियम हॉल का निरीक्षण किया। पालिका भवन में कई खामियां मिलने पर मंत्री ने कार्यदायी संस्था लोनिवि के अधिकारियों को फटकार भी लगाई। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने अपने गृह क्षेत्र नरेन्द्रनगर बाजार में बस अड्डे के समीप निर्माणधीन पालिका के दो मंजिला भवन के साथ पास ही बन रहे ऑडिटोरियम हॉल का भी निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री ने पालिका भवन में कही खामियां पाई, उन्होंने कार्यदायी संस्था लोनिवि के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई, कहा कि भवन निर्माण में जो–जो खामियां हैं, उसे निर्माणदायी संस्था गुणवत्ता के साथ पूरा करें। जिसके बाद मंत्री ने समीप में ही निर्माणाधीन ऑडिटोरियम हॉल का निरीक्षण किया। ऑडिटोरियम हॉल का निर्माण सिंचाई विभाग द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता परख कार्य के साथ समय पर भवन और ऑडीटोरियम हॉल का निर्माण कार्य पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। नरेन्द्रनगर नगर पालिकाध्यक्ष राजेंन्द्र विक्रम पंवार ने कहा कि पालिका के निर्माणधीन भवन में कई प्रकार की खामियां पाई गई है,जब तक कार्यदायी संस्था सभी खामियों को पूरा नहीं करेगी पालिका भवन को अपने हैंडओवर नहीं लेंगी।

## सीएम से की राज्य आंदोलनकारी चिह्नीकरण में शिथिलता की मांग

**नई टिहरी।** जनपद की राज्य निर्माण आंदोलनकारी चिह्नीकरण समिति ने डीएम मयूर दीक्षित के माध्यम से सीएम को ज्ञापन प्रेषित कर चिह्नीकरण में शिथिलता बरतने सहित विभिन्न मांग करते हुए निस्तारण की मांग की। आंदोलनकारियों के सीएम को प्रेषित ज्ञापन में अवगत कराया गया कि चिह्नीकरण से छूटे राज्य निर्माण आंदोलकारियों के लिए चिह्नीकरण में शिथिलता बरती जाय। क्योंकि लंबा समय बीतने के बाद आंदोलनकारियों के पास अपेक्षित अभिलेख अब मौजूद नहीं हैं। इसलिए आंदोलनकारियों का चिह्नीकरण एलआईयू रिपोर्ट, संबंधित ऐजेंसी की जांच और ख्याति प्राप्त आंदोलनकारियों की अनुशंसा पर किया जाय। चिह्नीकरण 2017 से पूर्व नियमों व शर्तों के आधार पर ही किया जाय। इसमें अखबार की कटिंग व ख्यातिलब्ध आंदोलनकारियों की अनुशंसा शामिल रहे। आंदोलनकारियों के चिह्नीकरण के संबंध में नये आवेदनों के साथ 31 दिसंबर, 2021 डीएम की अध्यक्षता वाली कमेटी में लंबित आवेदनों के आधार पर राज्य आंदोलनकारियों का चिह्नीकरण किया जाय। संयुक्त संघर्ष समिति दस्तावेजों में उल्लेखित नामों को आधार मानकर चिह्नीकरण किया जाय।

# जोशीमठ के हेलंग में हुआ मेरी माटी मेरा देश अभियान आयोजित

संवाददाता

**चमोली।** जनपद में 09 से 15 अगस्त तक मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया रहा है। जिसके अन्तर्गत बुधवार को विकासखण्ड जोशीमठ के ग्राम पंचायत हेलंग में ग्राम प्रधान आनन्द सैलानी व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अवतार विष्ट की अध्यक्षता में मेरी माटी मेरा देश अभियान आयोजित किया गया। जिसमें राजकीय माध्यमिक विद्यालय हेलंग में शिला फलकम की स्थापना की गई। वसुधा वन्दन कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत में पौधो का रोपण किया गया। पंचप्रण शपथ के तहत मिटटी लेकर





पंचप्रण शपथ ली गई और मिटटी यात्रा हेलंग से जोशीमठ लायी गयी। इसके साथ कार्यक्रम में झण्डारोहण एवं राष्ट्रगान का आयोजन किया गया।

वहीं राजकीय महाविद्यालय नन्दानगर में एनएसएस द्वारा पंच प्रण शपथ लेकर मेरी माटी मेरा देश के के तहत मातृभूमि वंदन कार्यक्रम किए गए।

नेहरू युवा केन्द्र के स्वयं सेवकों द्वारा बटलेश्वर मन्दिर के समीप बसुधा वन्दन कार्यक्रम के तहत अमृत वाटिका बनाकर पौधे रोपे गए तथा पंचप्रण की शपथ ली गयी।

## कुलसारी में होगा चिकित्सा शिविर का आयोजन

**चमोली।** आगामी 11 अगस्त,2023 को जनपद के विकासखंड थराली के स्थान कुलसारी में एक विशाल बहु विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव शर्मा ने बताया कि शिविर में आम जनमानस का विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर में दिव्यांगजनों का शारीरिक परीक्षण के बाद दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं पेंशन प्रपत्र भी बनाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के तहत तंबाकू नशा मुक्ति, मानसिक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, किशोर स्वास्थ्य इत्यादि की काउंसलिंग की जाएगी।

# केंद्र सरकार के खिलाफ तहसील परिसर में दिया धरना

**रुद्रप्रयाग।** संयुक्त किसान मोर्चा उत्तराखंड के आह्वान पर अखिल भारतीय किसान सभा व सीटू ने केंद्र सरकार पर निजी कंपनियों को लाभ देने, किसानों व मजदूरो का का उत्पीड़न करने व मणिपुर की घटना को लेकर तहसील परिसर में धरना–प्रदर्शन किया।

अंग्रेजो भारत छोड़ों आंदोलन की 81वीं वर्षगांठ पर आयोजित धरना प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए सीटू के जिला महामंत्री वीरेंद्र गोस्वामी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने सत्ता में आने से पूर्व देश के किसानों व मजदूरों से अच्छे दिनों का वायदा किया था। किंतु नौ वर्ष गुजर जाने के बाद भी केंद्र सरकार ने किसानों व मजदूरों को बुरे दिनों की ओर धकेल दिया हे। विकास के नाम पर उनकी कृषि भूमि छीन कर बेदखल किया जा रहा है। आधुनीकीकरण के नाम पर मजदूरों को रोजगार से वंचित किया गया है। देश की शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल, उद्योग, सार्वजनिक कल कारखानों का निजीकरण कर दिया है। उन्होंने कहा कि मणिपुर की घटना ने साबित कर दिया है कि केंद्र सरकार की जनता के किसी भी वर्ग के प्रति जबावदेही नहीं है। उन्होंने कहा कि देश के किसान व मजदूर भूख व कर्ज के चलते आत्महत्या कर रहे है। जबकि उद्योगपतियों की आय में आए दिन इजाफा हो रहा है। उन्होंने एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को सत्रह सूत्रीय ज्ञापन भेजा। इस मौके पर किसान सभा के जिलाध्यक्ष अषाड़ सिंह धिरवाण, आनंद सिंह रावत, बसंती रावत, दौलत सिंह राणा, इंद्र लाल, विनीता देवी, गोदाम्बरी देवी, सुलोचना देवी पूनम, उषा देवी, प्रकाश लाल समेत अन्य मौजूद थे।

## सेब और नाशपाती का समर्थन मूल्य घोषित हुआ

**चमोली।** मुख्य उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए राज्य में उत्पादित सी ग्रेड सेब का 12 रुपये प्रति किग्रा तथा नाशपाती का 7 रुपये प्रति किग्रा की दर से न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया।

## पाबौ की बेटी चांदनी ने किया नेट क्वालीफाई

पौड़ी। पाबौ ब्लाक के कालौं गांव निवासी चांदनी नेगी ने नेट क्वालीफाई कर पूरे जिले का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा बीती 29 अप्रैल को आयोजित हुई। चांदनी इन दिनों गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर में हॉर्टिकल्चर से पीएचडी भी कर ही हैं। वह स्कूली शिक्षा से ही एक होनहार छात्रा रही हैं। नई दिल्ली पूसा स्थित कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के तत्वावधान में कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की ओर से परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसे चांदनी ने क्वालीफाइ कर लिया है। चांदनी के पिता बलवंत सिंह नेगी सेना से सेवानिवृत्त हैं। बताया कि उनकी पांच बालिकाओं में चांदनी सबसे छोटी है। चांदनी की 10वीं और 12वीं स्तर की पढ़ाई पौड़ी के केंद्रीय विद्यालय से हुई है।

## फ्रीडम फाइटरों के आश्रितों का एसआरटी परिसर में सम्मान

संवाददाता

**नई टिहरी।** गढ़वाल विवि के एसआरटी परिसर बादशाहीथौल टिहरी की एनएसएस इकाई ने मेरी माटी–मेरा देश, माटी को नमन–वीरों का वंदन कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. सुंदर सिंह सजवाण एवं स्व. भाग सिंह मखलोगा के आश्रितों को सम्मानित किया। इस मौके पर परिसर में सघन पौधरोपण भी किया गया। एसआरटी परिसर के राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रो.एबी थपलियाल ने अवगत कराया कि बुधवार को मेरी माटी–मेरा देश, माटी को नमन–वीरों का वंदन कार्यक्रम भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में चंबा क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों में जगदीश सिंह सजवाण एवं हरी सिंह मखलोगा को सम्मानित किया। इस अवसर पर सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। छात्राओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों के स्वागत में गान भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर परिसर के प्रभारी निदेश-क प्रो. एमएमएस नेगी, एनएसएस के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रो.एबी थपलियाल, सहायक कार्यक्रम अधिकारी डा.प्रेम बहादुर सिंह, डा. अर्पणा सिंह,डा. अनूप सेमवाल, डा. दिनेश सिंह नेगी, पुस्तकालयाध्यक्ष हंसराज बिस्ट, छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक गुनसोला, अंकित सजवान, एनएसएस के स्वयंसेवी, बीएड विभाग के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# पौड़ी में महंगाई–बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शन किया

संवाददाता

**पौड़ी।** देश में महंगाई, बेरोजगारी और सरकारी संस्थानों को उद्योग घरानों के हवाले किए जाने व स्थानीय मुद्दों को हल करने की मांग को लेकर नागरिक हस्तक्षेप मंच के साथ ही विभिन्न संगठनों ने धरना देकर प्रदर्शन किया। उन्होंने मणिपुर हिंसा पर भी चिंता जताई। साथ ही उन्होंने पहाड़ों में पलायन, बंजर होते खेत, बिगड़ती आर्थिक स्थिति आदि मुददों पर सरकार की नीतियों का विरोध किया। इस मौके पर नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति सीटू, कांग्रेस व उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी सहित विभिन्न संगठनों ने समिति को समर्थन दिया।

बुधवार को पौड़ी के कलक्ट्रेट कार्यालय के समीप स्व. एचएन बहुगुणा मूर्ति स्थल पर विभिन्न संगठनों ने पलायन, बेरोजगारी, महंगाई और बंजर होते खेतों के साथ ही बिगड़ती आर्थिकी आदि मुद्दों को लेकर प्रदेश सरकार की नीतियों को जमकर कोसा। कहा कि केंद्र से लेकर राज्य में डबल इंजन की सरकार की नीतियों से अब लोग परेशान हो चुके हैं। कहा कि जिस तरह से बीते दिनों मणिपुर में हिंसा हुई, वह मानवता को शर्मशार करने वाला है। धरना देते हुए परिवर्तन पार्टी के महासचिव नरेशचंद्र नौडियाल व सीटू के सचिव देवानंद नौटियाल, सीपीआईएम के सचिव सुरेंद्र सिंह रावत, विनोद चमोली ने कहा कि भू माफिया का कब्जा करने, हिंसक जंगली जानवरों, लावारिस पशुओं, बंदरों, सूअरों के आतंक से निजात दिलाने को लेकर धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। कहा कि जिले में कई महत्वपूर्ण भूमियों पर भू माफिया का कब्जा होता जा रहा है। कहा कि प्रदेश के दर्जनों कार्यालयों में कर्मचारियों की कमी है। इस दौरान जिले में हिंसक जंगली जानवरों, कार्यालयों में कर्मचारियों की कमी, यातायात संकट, पार्किंग, बच्चों के खेलने के लिए पार्क की कमी, पर्यटक आवास गृह के अधूरे निर्माण, कंडोलिया पार्क का संचालन बंद आदि मुद्दे भी उठाए गए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कांग्रेस विनोद नेगी, नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत, सचिव गब्बर सिंह नेगी, अनीता रावत, भरत सिंह, उपेंद्र, वीरेंद्र सिंह रावत आदि शामिल रहे।

# डीएम ने किया सड़क निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण





**चमोली।** जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत संचालित पुर्ननिर्माण कार्यो और गोविन्द घाट से पुलना के बीच बाईपास सड़क निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि बद्रीनाथ महायोजना के अन्तर्गत रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, सिविक एमिनिटी सेंटर, आईएसबीटी, लेक फ्रंट, अराइवल प्लाजा एवं हॉस्पिटल एक्सटेंशन कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा किया जाए। रिवर फ्रंट में दीवार निर्माण, बैकफिलिंग, प्लम और राफ्ट निर्माण तथा हॉस्पिटल व आईएसबीटी में अवशेष कार्यो को शीघ्र पूर्ण करें। लेकफ्रंट कार्यो की प्रगति पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण दौरान कार्यदायी संस्थाओं ने निर्माण कार्यो की प्रगति के संबंध में जानकारी दी। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने गोविन्द घाट व पुलना के बीच करीब एक किलोमीटर नवनिर्मित बाईपास सड़क का निरीक्षण करते हुए पीएमजीएसवाई को निर्देशित किया कि बाईपास मार्ग पर शीघ्र यातायात शुरू किया जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी, एसडीएम कुमकुम जोशी, पीआईयू के अधिशासी अभियंता विपुल सैनी, सहायक अभियंता सनी पालीवाल, तहसीलदार रवि शाह, ईओ सुनील पुरोहित सहित कार्यदायी संस्थाओं के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## एनआईटी अमृत वाटिका में रोपे पौधे

नगर संवाददाता

**श्रीनगर गढ़वाल।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, उत्तराखंड में बुधवार को संस्थान के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी के नेतृत्व में मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत एनआईटी में अमृत वाटिका में रोटरी क्लब के साथ मिलकर पौधों का रोपण किया। मौके पर एनआईटी के निदेशक प्रो. अवस्थी ने कहा शुद्ध हवा, जल एवं अन्य प्राकृतिक सुविधाओं का लाभ लेने के लिए प्रकृति का संरक्षण अति आवश्यक है और इसके लिए पौधरोपण ही एकमात्र विकल्प है।

# एसएसपी चौबे ने किया शहर में लगने वाले 58सीसीटीवी कैमरों हेतु स्थलों का निरीक्षण

संवाददाता


**पौड़ी।** पुलिस विभाग पौड़ी शहर, थाना क्षेत्र में 58 सीसीटीवी कैमरे लगाने जा रहा है। ये कैमरे यातायात व्यवस्था में व्यवधान हो या फिर चोरी से जुड़ी गतिविधियों में मददगार साबित होंगे। मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने शहर में लगाए जाने वाले कैमरों के लिए स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया व विभागीय अफसरो को को आवश्यक निर्देश दिए। भारत सरकार के असिस्टेंस टू स्टेट फार मॉडर्नीजेशन आफ द पुलिस स्कीम के तहत पौड़ी शहर, थाना क्षेत्र में 58 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने हैं। कैमरे पुलिस विभाग के संचार शाखा में बन रहे स्मार्ट एंड इंटेलीजेन्ट कमांड एंड कंट्रोल रुम से जुड़ेंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने पौड़ी शहर के बस अड्डा, छत्रीधार, धारा रोड़, जेल गधेरा, अपर बाजार, ऐजेन्सी चौक, सर्किट हाउस तिराहा, कण्डोलिया तिराहा आदि मुख्य–मुख्य स्थानों में एन्ट्री एवं निकासी प्वाइंटों पर लगाये जाने वाले हाई रिजॉल्यूशन वाले सीसीटीवी. कैमरों के स्थलों का निरीक्षण किया गया। इन कैमरों में छह कैमरे ऐसे होंगे जो ऑटोमेटिक ही किसी वाहन के नंबर प्लेट को तत्काल पता करने में सक्षम होंगे। शहर में सीसीटीवी कैमरे लग जाने के बाद न केवल अपराधिक गतिविधियों जैसी वारदातों पर लगाम लगेगी, बल्कि शहर के किस स्थान पर यातायात बाधित है या संदिग्ध व्यक्ति नजर आ रहे हैं यह भी ज्ञात हो सकेगा। एसएसपी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट से अभी तक थाना श्रीनगर में तीस, कोटद्वार में छह, लक्ष्मणझूला में 27 हाई रिजॉल्यूशन कैमरे पूर्व में लगाए जा चुके हैं।

# पेट्रोल–डीजल के प्राइस हुए अपडेट

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सरकारी तेल कंपनियों की ओर से पेट्रोल–डीजल के दाम अपडेट कर दिए गए हैं। बुधवार को भी कच्चे तेल की कीमत में राहत जारी है। बीपीसीएल , एचपीसीएल और इंडियन ऑयल की ओर से पेट्रोल–डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। लगभग सभी बड़े महानगरों में पेट्रोल–डीजल के दाम स्थिर बने हुए हैं।

कच्चे तेल की कीमत में उतार–चढ़ाव बना हुआ है और यह 85 डॉलर के ऊपर टिका हुआ है। कच्चे तेल का बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का भाव 86.14 डॉलर प्रति बैरल पर है, जबकि डब्लूटीआई क्रूड की कीमत 82.84 डॉलर प्रति बैरल पर है।

ल्ली, मुंबई, चेन्नई और




कोलकाता में पेट्रोल–डीजल के दाम

दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर में मिल रहा है।

मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और एक लीटर डीजल 94.27 रुपये में बिक रहा है।

चेन्नई में में एक लीटर पेट्रोल 102.74 रुपये और डीजल 94.33 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है।

कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये प्रति लीटर और एक लीटर डीजल 92.76 रुपये में बिक रहा है।

अन्य शहरों में पेट्रोल–डीजल की कीमत

नोएडा में पेट्रोल 96.92 रुपये और डीजल 90.08 रुपये प्रति लीटर

गुरुग्राम में पेट्रोल 96.97 रुपये और डीजल 89.84 रुपये प्रति लीटर

बेंगलुरु में पेट्रोल 101.94 रुपये और डीजल 87.89 रुपये प्रति लीटर

चंडीगढ़ में पेट्रोल 96.20 रुपये और डीजल 84.26 रुपये प्रति लीटर

हैदराबाद में पेट्रोल 109.66 रुपये और डीजल 97.82 रुपये प्रति लीटर

पटना में पेट्रोल 107.48 रुपये और डीजल 94.26 रुपये प्रति लीटर

जयपुर में पेट्रोल 108.90 रुपये और डीजल 94.10 रुपये प्रति लीटर

## आठ सत्रों के दौरान एफआईआई द्वारा 10,437 करोड़ रुपये की बिकवाली

**नई दिल्ली , एजेंसी ।** बाजार में एक महत्वपूर्ण निकट अवधि का रुझान पिछले आठ कारोबारी सत्रों के दौरान एफआईआई द्वारा 10,437 करोड़ रुपये की निरंतर बिक्री है, जो इसी अवधि में डीआईआई द्वारा 10,860 करोड़ रुपये की निरंतर खरीद से मेल खाती है। यह बात जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कही।उन्होंने कहा, यह समझना महत्वपूर्ण है कि जहां एफआईआई गतिविधि डॉलर इंडेक्स और अमेरिकी बांड पैदावार जैसे बाहरी कारकों से प्रभावित होती है, वहीं डीआईआई गतिविधि मुख्य रूप से जीडीपी वृद्धि और कॉर्पोरेट आय जैसे घरेलू कारकों से निर्धारित होती है।

# कुलदीप यादव ने रचा इतिहास, चहल का रिकॉर्ड तोड़ बने सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले गेंदबाज

**नई दिल्ली,एजेंसी।** वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत ने 7 विकेट से जीत दर्ज की. मुकाबले में कुलदीप यादव ने शानदार प्रदर्शन दिखाया. उन्होंने 4 ओवर में 28 रन देकर 3 विकेट निकाले. इस दमदार प्रदर्शन के दम पर कुलदीप ने टीम इंडिया के लिए इतिहास रच दिया है. वह भारत के लिए टी20 में सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हैं. कुलदीप ने सिर्फ 30 मैच खेलकर यह कारनामा किया है.

टीम इंडिया के लिए टी20 में सबसे तेज 50 विकेट लेने के मामले में कुलदीप ने युजवेंद्र चहल को पीछे छोड़ा है. चहल ने 34 मैचों में 50 शिकार किए थे जबकि कुलदीप ने सिर्फ 30 मैच खेलकर यह कारनामा किया और चहल को पछाड़ दिया है. इसके साथ ही कुलदीप यादव ओवरआल सबसे कम गेंदों में 50 विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं.

अजंता मेंडिस, 26 मैचों में 50 विकेट

मार्क अडायर, 28 मैचों में 50 विकेट

कुलदीप यादव, 30 मैचों में 50 विकेट

इमरान ताहिर, 31 मैचों में 50 विकेट

युजवेंद्र चहल, 34 मैचों में 50 विकेट

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 160 का टारगेट दिया. जवाब में भारत की शुरुआत काफी निराशाजनकर रही. इसके बाद टीम की कमान संभालने उतरे सूर्यकुमार यादव ने अपनी पारी से सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया. सूर्यकुमार यादव ने 44 गेंदों पर 83 रनों की पारी खेली. उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और 4 छक्के जड़े. इसके अलावा तिलक वर्मा ने 37 गेंदों पर 49 रनों का योगदान दिया.

# एचडीएफसी बैंक ने एमसीएलआर में किया इजाफा, ग्राहकों पर बढ़ेगा ईएमआई का बोझ

**नई दिल्ली , एजेंसी।** निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक की ओर से मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड बेस्ड लेंडिंग रेट्स में 15 आधार अंक की बढ़ोतरी की गई है। हालांकि, बैंक की ओर से एक साल के एमसीएलआर में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

एमसीएलआर का सीधा संबंध बैंक की ओर से दिए जाने वाले लोन की ब्याज दरों से होता है। ऐसे में अगर बैंक इसमें बढ़ोतरी करता है, तो इससे ग्राहकों की ईएमआई में इजाफा होता है।

एचडीएफसी बैंक ने एमसीएलआर में कितनी की बढ़ोतरी?

बैंक की वेबसाइट के मुताबिक, अब ओवरनाइट एमसीएलआर 8.35 प्रतिशत, एक महीने का एमसीएलआर 8.45 प्रतिशत, तीन महीने का एमसीएलआर 8.70 प्रतिशत और छह महीने का एमसीएलआर 8.95 प्रतिशत है। एक साल का एमसीएलआर 9.10 प्रतिशत हो गया है। वहीं, दो साल का एमसीएलआर 9.15 प्रतिशत और तीन साल का एमसीएलआर 9.20 प्रतिशत है।

आईसीआईसीआई और बैंक ऑफ इंडिया ने भी बढ़ाया एमसीएलआर

इस महीने की शुरुआत में आईसीआईसीआई बैंक और बैंक ऑफ इंडिया की ओर से एमसीएलआर की दरों में इजाफा किया गया था। ये बढ़ोतरी एक अगस्त से लागू की गई थी।रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की ओर से 10 अगस्त को आरबीआई की एमपीसी के फैसलों का एलान किया जाएगा।

## भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 7 विकेट से दर्ज की जीत, सूर्यकुमार यादव ने खेली दमदार अर्धशतकीय पारी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी 20 मैच में जीत दर्ज की. भारतीय टीम ने मेजबान टीम को 7 विकेट से शिकस्त दी. इस तरह 5 टी20 मैचों की सीरीज 2–1 पर आ गई है.

मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कैरेबियाई टीम ने 20 ओवर में 160 का टारगेट दिया. जिसके जवाब में भारतीय टीम ने 17.5 ओवर में 3 विकेट पर 164 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया. टीम इंडिया की जीत के हीरो सूर्यकुमार यादव रहे.टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 160 का टारगेट दिया. जवाब में भारत की शुरुआत काफी निराशाजनक रही. जायसवाल 1 और गिल महज 6 रन के स्कोर पर पवेलियन की ओर लौट गये.

# सेबी के रडार पर अनलिसटेड कंपनी, बाजार नियामक बना रहा है ये बड़ा प्लान

**नई दिल्ली , एजेंसी।** पूंजी बाजार नियामक सेबी गैर–सूचीबद्ध कंपनियों के लिए डिस्क्लोजर आवश्यकताओं को लागू करने पर विचार कर रहा है।



आपको बता दें कि जिस तरह लिस्टेड कंपनियों के लिए डिस्क्लोजर जरूरी होता है उसी प्रकार अब अन लिस्टेड कंपनियों को भी अब डिस्क्लोजर जरूरी करने पर विचार किया जा रहा है जो फिलहाल लागू नहीं है। सेबी ने 2022–23 के लिए अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि सके अलावा, सेबी लेनदेन की ग्रुप–स्तरीय रिपोर्टिंग को बढ़ाकर ग्रुप के आसपास पारदर्शिता की सुविधा प्रदान करने की योजना बना रहा है। अपने एनुअल रिपोर्ट में सेबी ने बताया कि ग्रुप के अंदर क्रॉस–होल्डिंग और फिजिकल वित्तीय लेनदेन के विवरण का खुलासा जैसे कुछ ऐसे मामले हैं जिनकी जांच सेबी वार्षिक आधार पर खुलासा करने के लिए करेगा।

अन लिस्टेड कंपनियों के अलावा सेबी डेरिवेटिव सेगमेंट में स्टॉक पेश करने के लिए पात्रता मानदंड की समीक्षा करने की योजना बना रहा है। आपको बता दें कि डेरिवेटिव में स्टॉक पेश करने के लिए पात्रता मानदंड की आखिरी समीक्षा 2018 में हुई थी। तब से, बाजार पूंजीकरण और टर्नओवर जैसे नकदी बाजार के आकार और तरलता को दर्शाने वाले व्यापक बाजार पैरामीटर काफी बढ़ गए हैं।

इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट में शेयरों और अनुबंधों के लिए अस्थिरता प्रबंधन को मजबूत करने और सूचना में होने वाली कठिनाईयों को कम करने के लिए, पूंजी बाजार नियामक इन शेयरों और उनके डेरिवेटिव अनुबंधों के लिए मूल्य बैंड के मौजूदा ढांचे को मजबूत करने की प्रक्रिया में है।

अन्य उपायों के अलावा, सेबी डीलिस्टिंग के मामले में मूल्य निर्धारण तंत्र की समीक्षा करने की योजना बना रहा है।

बाजार नियामक सेबी स्टॉक एक्सचेंज द्वारा अपनाए गए अनिवार्य डीलिस्टिंग ढांचे की समीक्षा करने की भी योजना बना रहा है।

# मनोज तिवारी ने संन्यास से लिया यू टर्न, रिटायरमेंट के पांच दिन बाद बदला अपना फैसला

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कुछ दिन पहले संन्यास का ऐलान करने वाले मनोज तिवारी ने अचानक यू टर्न ले लिया है. उन्होंने रिटायरमेंट से अपना फैसला बदल लिया है. 8 अगस्त को खिलाड़ी ने कोलकता में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी आधिकारिक घोषणा की. ऐसे में अब उम्मीद जतायी जा रही है. कि मनोज जल्द ही मैदान पर वापसी कर सकते है. हालांकि उनके संन्यास से यू टर्न के पीछे की वजह क्या है. ये अभी तक साफ नहीं हो पायी है.बीतें कुछ दिन पहले ही तिवारी ने सभी को चौंकाते हुए अपने संन्यास का ऐलान किया था. हालांकि इसके पांच दिन बाद ही खिलाड़ी ने इससे यू टर्न लेते हुए अपने फैसले को वापसे ले लिया है. जिसकी जानकारी खिलाड़ी ने कोलकता में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी आधिकारिक घोषणा की. दरअसल मनोज के संन्यास के बाद बंगाल क्रिकेट का मिडिल ऑर्डर काफी कमजोर हो रहा था. ऐसे में बंगाल क्रिकेट संघ ने इसपर चिंता जाहिर करते हुए तिवारी से बात की. जिसके बाद मनोज तिवारी ने संन्यास वापस लेने का फैसला किया.

गौरतलब है कि मनोज ने भारत के लिए 12 वनडे मैच खेले. इस दौरान 287 रन बनाए. उन्होंने एक शतक और एक अर्धशतक लगाया. वह 3 टी20 इंटरनेशनल मैच भी खेल चुके हैं. उन्होंने 141 फर्स्ट क्लास मैचों में 9908 रन बनाए हैं. वह इस फॉर्मेट में तिहरा शतक भी लगा चुके हैं. उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 303 रन रहा है. मनोज ने इस फॉर्मेट में 29 शतक और 45 अर्धशतक लगाए हैं.

## फिल्मी दुनियां

# कीर्ति सुरेश बॉलीवुड में अपनी पारी शुरू करने को तैयार

अभिनेत्री कीर्ति सुरेश दक्षिण भारतीय सिनेमा का जाना–माना नाम हैं। वह कई फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी हैं। साउथ में अपना जलवा बिखेरने के बाद अब कीर्ति बॉलीवुड में अपना सिक्का जमाने को तैयार हैं। उन्होंने अपनी पहली हिंदी फिल्म साइन कर ली है और और खास बात यह है कि इस फिल्म में उनके साथ वरुण धवन नजर आने वाले हैं। आइए जानते हैं क्या कुछ जानकारी मिली है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कीर्ति, वरुण के साथ बॉलीवुड में पदार्पण कर रही हैं। यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म है, जिसका निर्देशन कलीस कर रहे हैं, जो तमिल सिनेमा में बेहद लोकप्रिय हैं। कीर्ति बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने के लिए एक अच्छे प्रोजेक्ट की राह देख रही थीं। अब यह तलाश उनकी आखिरकार इस फिल्म पर आकर



खत्म हुई है। कीर्ति यह फिल्म साइन कर चुकी हैं। फिल्म के लिए दूसरी अभिनेत्री की तलाश जारी है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि इस फिल्म की शूटिंग अगले महीने मुंबई में शुरू होगी। फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। निर्माताओं ने नवंबर तक शूट पूरा करने की योजना बनाई है और 31 मई, 2024 तक इसे दर्शकों के बीच लाने की तैयारी है। यह एक पैन इंडिया फिल्म होगी, जो एक साथ कई भाषाओं में रिलीज होगी। सूत्रों की मानें तो फिल्म की कहानी से लेकर, किरदार और एक्शन तक लाजवाब होगा।

फिल्म का निर्माण एटली कुमार के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले हो रहा है, वहीं मुराद खेतानी इसके सह–निर्माता हैं। वरुण फिल्म में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आने वाले हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ये थलापति विजय की हिट फिल्म थेरी का हिंदी रीमेक है। इसके निर्देशक एटली ही थे। एटली फिलहाल शाहरुख खान के साथ फिल्म जवान पर लगे हुए हैं। इसका काम निपटाने के बाद वह नई फिल्म शुरू करेंगे।

कीर्ति ने अपनी प्रतिभा के दम पर न केवल दक्षिण भारत, बल्कि देशभर में अपनी एक अलग

## पुष्पा 2 से फहद फासिल की पहली झलक जारी, दिखा धांसू अवतार

सुकुमार के निर्देशन में बनी पुष्पाः द राइज की आपार सफलता के बाद से ही प्रशंसक फिल्म की अगली किस्त पुष्पा 2 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह भारतीय सिनेमा की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। अब निर्माताओं ने पुष्पा 2 से अभिनेता फहद फासिल का पहला लुक जारी कर दिया है, जिसमें वह धांसू अवतार में नजर आ रहे हैं।पुष्पा 2 में फासिल एसपी शेखावत की भूमिका को दोहराएंगे। पुष्पा में आखिरी सीन में फहाद और अल्लू अर्जुन (पुष्पा राज) को आमने–सामने देखा गया था। भंवर सिंह की आंखों में भडक़ रही ज्वाला साफ दिख रही थी। उस समय तो वो कुछ नहीं कर पाया, लेकिन अब पुष्पा 2 में बदला लेने के लिए वो पूरी तरह तैयार हैं। पुष्पा में अपने हरियाणवी अंदाज से उन्होंने हर किसी को हैरान कर दिया था।

माइथ्री ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर पुष्पा 2 से फहद की पहली झलक साझा की है।

# शाहिद कपूर और अनीस बज्मी की एक्शन–कॉमेडी फिल्म को मिला नाम, दोहरी भूमिका में दिखेंगे अभिनेता

शाहिद कपूर के अनीस बज्मी की एक्शन–कॉमेडी का हिस्सा बनने की खबरें काफी समय से सामने आ रही थीं। कहा जा रहा था कि फिल्म में शाहिद रश्मिका मंदाना के साथ नजर आएंगे तो अगले महीने से इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी। यह फिल्म फिलहाल प्री–प्रोडक्शन में है, जिसके लिए निर्देशक एक ऐसे नाम की तलाश में थे जो इसकी कहानी के लिए एकदम सही हो। अब खबर आ रही है कि निर्देश-क को इसका नाम मिल गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, शाहिद और अनीस को आखिरकार अपनी पसंद का एक शीर्षक मिल गया है। सूत्र बताते हैं कि उनकी इस फिल्म को एक साथ दो दो नाम दिया गया है। सूत्र के मुताबिक, अनीस ने यह नाम फिल्म में शाहिद की दोहरी भूमिका को दर्शाने के लिए तय किया है। इस नाम को 1.7.22 के रूप में भी पढ़ा जा सकता है। कहा जा रहा है कि फिल्म की कहानी में तारीख का बहुत महत्व होगा।

फिल्म की शूटिंग अगस्त के पहले हफ्ते में एक राजस्थानी हवेली होगी, जिसके लिए विशेष रूप से एक सेट डिजाइन किया गया है। कहा जा रहा है कि इस शेड्यूल में अभिनेता के कुछ इमोशनल सीन्स को फिल्माया जाना है। सूत्र के अनुसार, फिल्म का एक हिस्सा राजस्थानी गांव पर आधारित है इसलिए मानसून के बाद टीम राजस्थान शूटिंग के लिए जाएगी। इसके अलावा रश्मिका फिल्म के दूसरे शेड्यूल के बाद यूनिट में शामिल होंगी।

अनीस की फिल्म से पहले शाहिद ने विशाल भारद्वाज की कमीने में दोहरी भूमिका निभाई थी। 2009 में आई इस फिल्म में शाहिद दो जुड़वा भाई चार्ली और गुड्डू के रूप में नजर आए थे। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा भी शामिल थीं।

रिपोर्ट के मुताबिक, शाहिद और रश्मिका के अलावा एक बड़ा कलाकार भी अनीस की इस एक्शन–कॉमेडी एक साथ दो दो का हिस्सा होगा। सूत्र के मुताबिक, जल्द ही नए कलाकार की घोषणा भी कर दी जाएगी। यह भी कहा जा रहा है कि फिल्म के निर्माता दिल राजू होंगे और यह अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हालांकि, अभी इस खबर की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

शाहिद को हाल ही में ब्लडी डैडी में देखा गया था, तो अब वह दिनेश विजान की एक लव स्टोरी में नजर आने वाले हैं। फिल्म में शाहिद की जोड़ी कृति सैनन के साथ बनी हैं तो धर्मेंद्र और डिंपल कपाडिय़ा भी इसका हिस्सा हैं। जियो स्टूडियो के सहयोग से बनी यह फिल्म 7 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## राणा दग्गुबाती व दुलकर सलमान ने कांथा के लिए मिलाया हाथ


एक्टर राणा दग्गुबाती और दुलकर सलमान आगामी बहुभाषी फिल्म कांथा में साथ काम करते नजर आएंगे। स्पिरिट मीडिया के फाउंडर राणा ने दुलकर को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा, स्पिरिट मीडिया में, हम हमेशा अनूठी और आकर्षक कहानियों की तलाश में रहते हैं, और कांथा निस्संदेह उस दृष्टिकोण पर फिट बैठती है।दुलकर और वेफरर फिल्म्स के साथ काम करना और एक शानदार निर्देशक सेल्वमणि सेल्वराज से अनुभव प्राप्त करना वास्तव में फायदेमंद है

# वाणी कपूर के साथ जमेगी राजकुमार राव की जोड़ी, लेकर आ रहे फिल्म बचपन का प्यार

अभिनेता राजकुमार राव अपने करियर में सोनम कपूर से लेकर श्रद्धा कपूर, कृति सैनन और भूमि पेडनेकर जैसी कई अभिनेत्रियों के साथ काम कर चुके हैं और अब उन्हें एक नई जोड़ीदार मिल गई है।दरअसल, राजकुमार एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है बचपन का प्यार। इस फिल्म में पहली बार उनकी जोड़ी अभिनेत्री वाणी कपूर के साथ बनने जा रही है।दोनों साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, अनुभव सिन्हा एक छोटे शहर की प्रेम कहानी पर आधारित फिल्म बचपन का प्यार बना रहे हैं। इसमें राजकुमार और वाणी मुख्य भूमिका में होंगे।यह लखनऊ की पृष्ठभूमि पर आधारित एक अनोखी प्रेम कहानी है, जिसका निर्देशन अपूर्वा धर बडगइयां करेंगे, जिन्होंने इससे पहले जितेंद्र कुमार अभिनीत रोमांटिक कॉमेडी फिल्म चमन बहार का निर्देशन किया था।राजकुमार और वाणी दोनों ने फिल्म साइन कर ली है और अगले महीने वे इसकी शूटिंग शुरू करेंगे।

सिन्हा इस फिल्म के जरिए पहली बार वाणी के साथ काम कर रहे हैं, वहीं राजकुमार संग यह उनकी तीसरी फिल्म होगी।पिछली बार दोनों फिल्म भीड़ के लिए साथ आए थे। हालांकि, इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल हुआ था। रिलीज से पहले यह



फिल्म काफी विवादों में भी रही थी।दोनों एक एंथोलॉजी सीरीज भी लेकर आ रहे हैं और इसकी रिलीज से पहले ही उनकी अगली फिल्म से जुड़ीं जानकारियां भी सामने आ गई हैं।

निर्देशक, निर्माता और स्क्रीनराइटर सिन्हा ने थप्पड़, आर्टिकल 15 और मुल्क जैसी शानदार फिल्में निर्देशित की हैं।

तुम बिन उनके निर्देशन में बनी पहली फिल्म थी।वह इन दिनों एक और प्रेम कहानी पर काम कर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान सुधीर मिश्रा पर है। इसके अलावा दोनों एक वेब सीरीज पर भी काम कर रहे हैं।वह एंथोलॉजी फिल्म बी पॉजिटिव को लेकर भी चर्चा में हैं। इसका निर्माण, लेखन और निर्देशन का जिम्मा सिन्हा पर ही है।

वाणी जल्द ही यशराज फिल्म्स की सीरीज मंडाला ब्रदर्स में नजर आएंगी। यह एक क्राइम थ्रिलर सीरीज है, जिसका निर्देशन गोपी पुथरन ने किया है।इसके अलावा वह फिल्म सर्वगुण संपन्न में नजर आएंगी। इसके उनके साथ अभिनेता इश्वाक सिंह हैं। इसमें 90 के दशक में सेट की गई एक अनोखी कहानी देखने को मिलेगी। यह एक सोशल कॉमेडी फिल्म है।दूसरी तरफ राजकुमार द क्रू, स्त्री 2, श्री और मिस्टर एंड मिसेज माही जैसी फिल्मों में अहम भूमिका निभाएंगे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com